

RNI NO-UPHIN/2023/84340

# सबसे तेज प्रयागराज

**सब पर नजर, सटीक खबर**

नगर संस्करण | hpshukla50@gmail.com | सोमवार, 24 जून 2024 | वर्ष: 01, अंक: 100, पृष्ठ: 8, मूल्य: 2 रू. | प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

## पांच साल में लखनऊ भारत के टॉप तीन शहरों में होगा शामिल - राजनाथ सिंह

**एजेंसी**

**लखनऊ।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि हमारा प्रयास होगा कि पांच साल में लखनऊ भारत के तीन बड़े शहरों की कतार में आकर खड़ा हो। केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह लखनऊ में एक स्वागत समारोह को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि आपको बताना चाहूंगा कि अभी हमारा लखनऊ भारत के टॉप 10 शहरों में है। पांच सालों में यह देश के तीन बड़े शहरों की कतार में आकर खड़ा होगा। उन्होंने कहा कि 2047 तक भारत



को विकसित बनाने का संकल्प लिया गया है, तो यह मैंने भी संकल्प लिया है कि हम सांसद रहें या ना रहें, मैं लखनऊ को विकसित बनाने का कार्य करूंगा। रक्षामंत्री ने कहा कि अटल जी का जन्म शताब्दी समारोह

**राजनाथ सिंह ने कहा कि मैंने जात-पात और धर्म के आधार पर कभी भी राजनीति नहीं की है। मानवीय धर्म के आधार पर हमको कार्य करना चाहिए।**

भव्य रूप से शानदार तरीके से मनाया जाए और इसके लिए उन्होंने उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, महानगर अध्यक्ष और वरिष्ठ नेताओं से कहा कि इसकी तैयारी अभी से करें। यदि मैं दिल्ली में रहता हूं तो लखनऊ के कार्यकर्ता मुझसे बगैर मिले वापस नहीं लौटता है। मैं बार-बार कहता रहा हूं कि हम राजनीति केवल सरकार बनाने के लिए नहीं करते हैं, हम राजनीति देश बनाने के लिए करते हैं। हम राजनीति चुनाव जीतने के लिए नहीं, समाज बनाने के लिए करते हैं । राजनाथ सिंह ने कहा कि मैंने जात-पात और धर्म के आधार पर कभी भी राजनीति नहीं की है। मानवीय धर्म के आधार पर हमको कार्य करना चाहिए। मन बड़ा करके ही मनुष्य अपने जीवन को सार्थक बन सकता है, छोटे मन का व्यक्ति लाख कोशिश कर ले, लेकिन अपने जीवन को सार्थक नहीं बना सकता।

उन्होंने कहा कि लखनऊ में कितना हुआ है, कितना नहीं हुआ है, उसको मैं अपने मुंह से नहीं कहूंगा, यह आप महसूस करते होंगे और जनता महसूस करती होगी। वोट हमारे लिए महत्वपूर्ण नहीं है, लखनऊ का विकास मेरे लिए महत्वपूर्ण है। लखनऊ में विकास की गति को रुकने नहीं दूंगा।

## बाढ़ से निपटने की तैयारियों की समीक्षा के लिए बैठक

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** मानसून के मद्देनजर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में रविवार को एक उच्च स्तरीय बैठक में देश में बाढ़ प्रबंधन की समग्र तैयारियों की समीक्षा की जा रही है। यहां नॉर्थ ब्लॉक में अपराह्न 11 बजे शुरू हुई इस बैठक में केंद्रीय जय शक्ति मंत्री सी आर पाटिल, गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, केंद्रीय गृह सचिव अजय कुमार भल्ला, राज्यों के गृह सचिव, जल संसाधन, नदी विकास एवं नदी संरक्षण पृथ्वी विज्ञान , पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालयों के अधिकारी, रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष, एनडीएमए के सदस्य एवं सचिव (प्रभारी), एन डी आर एफ और मौसम विभाग के महानिदेशक, रहे हैं। उल्लेखनीय है कि मानसून के कारण कुछ राज्यों में मूसलाधार बारिश के चलते बाढ़ आई हुई है।



केंद्रीय जल आयोग, एनएचएआई के अध्यक्ष और संबंधित मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारी बैठक में भाग ले बैठक में बाढ़ और उसके कारण उत्पन्न स्थिति से निपटने के उपायों पर चर्चा की जा रही है।

## एम योगी ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर दी पुष्पांजलि, आर्टिकल 370 पर कांग्रेस को घेरा

**एजेंसी**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर लखनऊ में पुष्पांजलि कार्यक्रम में शामिल हुए। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक समेत कई अन्य नेताओं ने भी डॉ. मुखर्जी को श्रद्धांजलि दी। सीएम योगी ने मीडिया से बात करते हुए आर्टिकल 370 को लेकर कांग्रेस पर प्रहार किया। मुख्यमंत्री ने कहा, 'भारत माता के महान सपूत, प्रख्यात स्वतंत्रता सेनानी, अखंड भारत के स्वप्नद्रष्टा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का आज बलिदान दिवस है। देश में 'एक प्रधान, एक विधान और एक निशान' के मुद्दे को लेकर 23 जून 1953 को भारत की अखंडता के लिए उन्होंने अपना बलिदान दिया था। हम सब जानते हैं कि 1947 को देश आजाद हुआ था। अपना संविधान 1950 में लागू हुआ। संविधान के लागू होने के बाद तत्कालीन कांग्रेस नेतृत्व वाली सरकार ने आर्टिकल 370 जोड़कर राष्ट्रीय अखंडता को गंभीर चोट पहुंचाने का प्रयास किया था।'



उन्होंने आगे कहा, 'तत्कालीन सरकार की इन्हीं मंशाओं को ध्यान में रखते हुए उद्योग एवं आपूर्ति मंत्री के रूप में देश की सेवा कर रहे डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अपना पद छोड़ दिया और देश की प्रतिष्ठा तथा अखंडता के लिए कश्मीर से आर्टिकल 370 को हटाने के लिए उन्होंने एक व्यापक आंदोलन प्रारंभ किया था। भारतीय जनसंघ के हजारों कार्यकर्ताओं के साथ कश्मीर सत्याग्रह के लिए उन्होंने जो अभियान शुरू किया, इसके लिए उन्हें अपने प्राणों की आहुति देनी पड़ी। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का सपना आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कश्मीर में आर्टिकल 370 को खत्म करके साकार हो रहा है।'

इससे पहले मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि देते हुए लिखा, 'अखंड भारत के स्वप्नद्रष्टा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के पावन बलिदान दिवस पर उन्हें कोटि-कोटि नमन एवं विनम्र श्रद्धांजलि। देश में 'एक प्रधान, एक विधान और एक निशान' विचार के पुरोधा श्रद्धेय मुखर्जी ने कश्मीर से अनुच्छेद-370 हटाने के लिए व्यापक आंदोलन किया। राष्ट्र की सुरक्षा के लिए उन्हें अपने प्राण त्यागने पड़े। मां भारती की सेवा के लिए वे सदैव याद किए जाएंगे।'

## शिक्षा का ढांचा भ्रष्टाचारियों के हवाले हो चुका है : प्रियंका गांधी वाड्रा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** नीट (पीजी) की परीक्षा से एक दिन पहले उसे रद्द किये जाने की घोषणा के बाद कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने रविवार को आरोप लगाया कि केंद्र की भारतीय जनता पार्टी नीत सरकार में समूची शिक्षा का ढांचा माफियाओं-भ्रष्टाचारियों के हवाले कर दिया गया है।

प्रियंका ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि नीट (यूजी) का पेपर लीक हो गया, नीट (पीजी) की परीक्षा रद्द हो गई, यूजीसी नेट की परीक्षा रद्द हो गई और सीएसआईआर नेट की परीक्षा रद्द हो गई। उन्होंने लिखा, आज ये देश की कुछ सबसे बड़ी परीक्षाओं का हाल है। भाजपा राज में समूची शिक्षा का ढांचा माफियाओं-भ्रष्टाचारियों के हवाले हो चुका है। लालची और चाटुकार किस्म के अयोग्य लोगों के हाथ में देश की शिक्षा और बच्चों का भविष्य



सौंप देने की राजनीतिक जिद और अहंकार ने पेपर लीक, परीक्षा रद्द, कैंपसों से पढ़ाई-लिखाई का विलोप और राजनीतिक गुंडागर्दी को हमारी शिक्षा-व्यवस्था की पहचान बना दिया है। उन्होंने कहा कि हालत यह हो गई है कि भाजपा सरकार साफ-सुथरे ढंग से एक परीक्षा तक नहीं करा सकती। आज युवाओं के भविष्य के सामने भाजपा सरकार एकमात्र सबसे बड़ी बाधा बनकर खड़ी हो चुकी है। उन्होंने कहा, देश के काबिल युवा अपना सबसे कीमती समय, सारी ऊर्जा भाजपा के भ्रष्टाचार से लड़ने में गवां रहे हैं और मजबूर मोदी जी सिर्फ तमाशा देख रहे हैं। वहीं, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि नीट घोटाले की ज़िम्मेदारी मोदी सरकार के शीर्ष नेताओं पर है। नौकरशाहों में फेरबदल करना भाजपा द्वारा बर्बाद की गई शिक्षा प्रणाली की समस्या का समाधान नहीं है। उन्होंने कहा कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) को एक स्वायत्त निकाय के रूप में लाने का प्रस्ताव था, लेकिन वास्तव में इसे भाजपा/आरएसएस के कुटिल हितों की पूर्ति के लिए बनाया गया है।

## दो महिला समेत चार नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के नक्सल ऑपरेशन कार्यालय सुकमा में पुलिस अफसरों के समक्ष बिना हथियार के 2 महिला सहित 4 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया। प्रतिबंधित माओवादी नक्सल संगठन में सक्रिय 2 महिला नक्सली समेत 4 नक्सलियों क्रमशः हेमला नंदे



(एर्रनपल्ली आरपीसी सीएनएम सदस्या) एर्रनपल्ली थाना पामेड़ जिला बीजापुर, नुप्पो सोमड़ी (नागाराम आरपीसी केएमएस उपाध्यक्षा) नागाराम सरपंचपारा थाना चिंतलनार जिला सुकमा, हेमला एर्रा (नागाराम आरपीसी मिलिशिया सदस्य) नागाराम थाना चिंतलनार जिला सुकमा एवं कड़ती हिडिया (नागाराम आरपीसी मिलिशिया सदस्य) के द्वारा नक्सल ऑपरेशन कार्यालय सुकमा में रवि गणवीर डिप्टी कमाण्डेन्ट 74 वाहिनी सीआरपीएफ एवं मनीष रात्रे, उप पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑपरेशन जिला सुकमा के समक्ष बिना हथियार के आत्मसमर्पण किया गया। महिला नक्सली नुप्पो सोमड़ी, हेमला एर्रा एवं कड़ती हिडिया को आत्मसमर्पण हेतु प्रोत्साहित कराने में 74 वाहिनी आसूचना शाखा का विशेष प्रयास रहा है। सभी आत्मसमर्पित नक्सली नक्सल संगठन में जुड़कर विभिन्न नक्सली गतिविधियों जैसे पुलिस गस्त पार्टी की रेकी कर हमला करना, पुलिस पार्टी के आने-जाने वाले मार्गो में स्पाईक लगाना, मार्गो को खोद कर अवरूद्ध करना, शासन-प्रशासन के विरूद्ध में नक्सली पर्चा-पाम्पलेट लगाना आदि घटनाओं में शामिल रहे है। आत्मसमर्पित नक्सलियों को शासन की ''छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन नीति'' के तहत सहायता राशि व अन्य सुविधाएं दी जाएगी।

## दिल्ली की मंत्री आतिशी का अनशन तीसरे दिन भी जारी रहा, कहा हरियाणा से नहीं आ रहा पानी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में बीते सप्ताह पेयजल का संकट और बढ़ गया। यहां राष्ट्रीय राजधानी में पेयजल के उत्पादन में सामान्य दिनों के मुकाबले 100 एमजीडी से भी अधिक की गिरावट आई है। इस बीच राज्य के लिए पानी की मांग कर रही दिल्ली की मंत्री आतिशी का अनशन रविवार को तीसरे दिन भी जारी रहा।

आतिशी ने कहा कि हरियाणा के हथिनी कुंड में पानी भरा हुआ है लेकिन वहां की सरकार ने दिल्ली के लिए पानी छोड़ने वाले गेट बंद कर दिए हैं। दिल्ली के हक के पानी पर हरियाणा सरकार ने ताला लगाया है। आतिशी का कहना है कि जब तक दिल्ली की जनता को उनके हक का पानी नहीं मिल जाता तब तक उनका 'पानी सत्याग्रह' जारी रहेगा। दूसरी ओर, दिल्ली सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली के पेयजल उत्पादन में अब 117 एमजीडी पानी की कमी आ गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि आतिशी के अनशन पर



बैठने के बाद हरियाणा ने और अधिक पानी रोकना शुरू कर दिया है। इससे प्रतिदिन करीब 17 एमजीडी पानी की अतिरिक्त कमी हुई है। सौरभ भारद्वाज का कहना है कि एक एमजीडी पानी से करीब 28,500 लोगों की पानी की जरूरत पूरी होती है। उन्होंने बताया कि दिल्ली में पहले 100 एमजीडी पानी की कमी थी। अब 117 एमजीडी पानी की कमी हो गई है। अतिरिक्त 17 एमजीडी पानी दिल्ली के करीब 4.85 लाख लोगों की आवश्यकताओं को पूरा करता है। उन्होंने आरोप लगाया कि लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद से लगातार दिल्ली को कम पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। पहले दिल्ली में प्रतिदिन 1000 एमजीडी के आप-पास पानी का उत्पादन हो रहा था। यह 21 जून को घटकर 896 एमजीडी रह गया है। दिल्ली सरकार ने आरोप लगाया कि हरियाणा की ओर से आने वाले पानी में लगातार कमी की जा रही है। उन्होंने इस मुद्दे पर केंद्र सरकार पर भी हमला करते हुए कहा कि 'वन इंडिया वन टीम' की बात करने वाले आज अपने ही देश की राजधानी के लोगों को प्यासा रख रहे हैं।

## जम्मू-कश्मीर के उरी सेक्टर में अभियान के दौरान एक आतंकवादी का शव बरामद



**एजेंसी**

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के उरी सेक्टर में जारी घुसपैठ रोधी अभियान के दौरान रविवार को सुरक्षा बलों ने एक आतंकवादी का शव बरामद किया। एक अधिकारी ने बताया, 'आज (रविवार को) एक आतंकवादी का शव बरामद किया गया, जबकि दूसरे मृत आतंकवादी की तलाश जारी है।'

उन्होंने बताया कि इलाके में अभी भी ऑपरेशन चल रहा है। इससे पहले, उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ कर रहे आतंकवादियों के एक समूह को सुरक्षा बलों ने चुनौती दी थी। सुरक्षा बलों की कार्रवाई में कम से कम दो आतंकवादी मारे गए थे। अधिकारी ने बताया कि दोनों आतंकवादियों के शव बरामद नहीं किए जा सके, क्योंकि वे नियंत्रण रेखा के करीब पड़े थे।

## बस्तर में नक्सलियों ने शुरू किया नकली नोट छापना

**एजेंसी**

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बस्तर क्षेत्र के नक्सली आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। पैसों की कमी को पूरा करने के लिए अब नकली नोट छापना शुरू कर दिया है। इसके लिए संगठन के बड़े कैडर्स ने अपने लड़ाकों को नोट छापने के लिए स्पेशल ट्रेनिंग भी दी है। पुलिस ने रविवार को तलाश अभियान के दौरान नक्सलियों द्वारा नकली नोट बनाये जाने की मशीन,नकली नोट के सैंपल, विस्फोटक और हथियारों को बरामद किया।

जिला पुलिस अधीक्षक किरण चौहान ने बताया कि नक्सलियों द्वारा नकली नोट छापकर खपाने की फिराक की सूचना मिलने पर जिला बल, जिला रिजर्व पुलिस बल बस्तर फाईटर एवं 50 वाहिनी केन्द्रीय सुरक्षा बल की संयुक्त पार्टी विशेष नक्सल गस्त सर्चिंग हेतु ग्राम मैलासूर, कोराजगुड़ा, दंतेशपुरम व आस-पास के क्षेत्र की ओर रवाना



हुए। अभियान के दौरान सुरक्षा बलों के द्वारा जंगल-झाड़ियों में तलाश करते हुए आगे बढ़ रहे थे कि ग्राम कोराजगुड़ा के जंगल-पहाड़ी में नक्सली सुरक्षा बलों की गतिविधियों को देखकर जंगल-पहाड़ी का आड़ लेकर भागने में सफल हुए।


सत्यम् शिवम् शुभम् ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स

College Code : 01083

टिकरी, कौड़िहार, प्रयागराज

B.A. हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, प्रा0 इतिहास, गृह विज्ञान, दर्शन शास्त्र, राजनीति विज्ञान, उर्दू, भूगोल, समाजशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, अर्थशास्त्र




M.A. हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, समाजशास्त्र, गृह विज्ञान, प्रा0 इतिहास

B.Sc. Agriculture | B.Com/M.Com

B.Sc./M.Sc./D.El.Ed. (BTC) | B.Pharma/D.Pharma

LL.B. B.A. L.L.B (प्रस्तावित) | I.T.I. (इलेक्ट्रीशियन, फिटर, कोपा)



संजय शुक्ल
प्रबंधक

छात्रवृत्ति की सुविधा भी उपलब्ध

Mob. 9451181332, 9956930129

## धोखाधड़ी करने वाला आरोपी गिरफ्तार 40 हजार नगदी बरामद




**सबसे तेज प्रयागराज**

**बाराबंकी** । साइबर थाना, जनपद बाराबंकी पर दिनांक 24.04.2024 को डॉ0 योगेश कुमार पुत्र डॉ0 कमल सिंह वर्मा निवासी मोहल्ला सुभाषनगर थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी ( कृष्णा हास्पिटल एण्ड मैटरनिटी सेन्टर श्रीराम कालोनी बाराबंकी के संचालक) द्वारा लिखित तहरीर दी गयी- कि दिनांक 17.04.2024 को उनके मोबाइल नंबर पर रोहित शर्मा नाम से कॉल आई और स्वंय को ट्राई डिपार्टमेन्ट से होना बताया गया और मुंबई थाने में 17 शिकायतों की एफआईआर दर्ज बताया गया तथा मुंबई मे अपनी रिपोर्ट 02 घण्टे के अंदर दर्ज करने के लिये बताया गया अन्यथा मोबाइल नंबर बन्द कराने की धमकी देकर अपने अन्य (साथी) अधिकारी से बात कराते हुए मनीलान्ड्रिंग जैसा गंभीर अपराध के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने की बात व और पैसों की माँग करते हुए कहा कि यदि आप ऐसा नही करते है तो आपको 90 दिन की कस्टडी में लेकर पूछताछ की जायेगी व आपका हास्पिटल सीज कर दिया जायेगा इस प्रकार मेरे साथ धोखाधड़ी कर व डरा धमकाकर कुल 61,00,000/- लाख रुपए का फ्राड के आधार पर साइबर थाना बाराबंकी पर आई0टी0 एक्ट पंजीकृत किया गया।

पुलिस अधीक्षक बाराबंकी दिनेश कुमार सिंह द्वारा उक्त घटना का तत्काल संज्ञान लेकर रूपयों की बरामदगी व संबंधित अभियुक्त की गिरफ्तारी के आदेश के क्रम में साइबर थाना बाराबंकी द्वारा को अभियुक्त आशीष शुक्ला पुत्र राघवेन्द्र शुक्ला निवासी लोक कालोनी महिबुल्लापुर सीतापुर रोड जनपद लखनऊ को धोखाधड़ी से संबंधित 40,000/- रूपयों के साथ गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ का विवरण-अभियुक्त आशीष (कउकउक बैंक के खाताधारक व प्रोपाइटेर कैच माइ ऑर्डर) द्वारा वादी डॉक्टर योगेश के एकाउन्ट (खाता) से 61 लाख रुपये प्रथम लेयर में के 4 खातों में क्रमशः 16 लाख रुपये व 26 लाख रुपये पंजाब नैशनल बैंक के दो खातों में- 4 लाख व 15 लाख रुपये आईसीआईसीआई बैंक के दो खातों में स्थानांतरित किया गया, जिसमे से 4 लाख रुपये के खाता धारक आईसीआईसीआई बैंक के (खाता धारक व प्रोप्राइटेर कैच माइ ऑर्डर)आशीष शुक्ला पुत्र राघवेंद्र शुक्ला निवासी 370/40 कृष्ण लोक कॉलोनी महिबुल्लापुर सीतापुर रोड थाना मणियाव जनपद लखनऊ के द्वारा शातिर साइबर अपराधियों को अपना खाता आदान-प्रदान हेतु एटीएम कार्ड खाते में दर्ज मोबाइल नंबर का सिम प्रदान कर साइबर अपराधियों द्वारा इस खाते का उपयोग कर फ्राड किया जाता है।वांछित अभियुक्तगण अमन, संतोष चतुवेर्दी व शिवम यादव उपरोक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम का गठन कर प्रयास किये जा रहे है।

## अवैध 11 लाख रुपए की मारफीन बरामद



**सबसे तेज प्रयागराज**

**बाराबंकी।** पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर फतेहपुर पुलिस क्षेत्र में अवैध मार्फीन की सप्लाई करने वाले एक तस्कर को गिरफ्तार कर 11 लाख की मार्फिन बरामद करते हुए जेल भेज दिया।

थाना फतेहपुर पुलिस टीम द्वारा रविवार को अभियुक्त सुरेन्द्र पुत्र रज्जूलाल निवासी ग्राम बीबीपुर थाना फतेहपुर जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 110 ग्राम अवैध मारफीन( अन्तर्राष्ट्रीय कीमत लगभग 11 लाख रुपए) बरामद कर लिखा पढ़ी करते हुए जेल भेज दिया।

## वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार किया




**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर सराय अकिल पुलिस ने एक वारंटी को चेकिंग के दौरान गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

थाना सराय अकिल पुलिस उ0नि0 नितेश कुमार त्रिपाठी मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त मुंशी लाल पुत्र अमरनाथ यादव नि0 जठिया थाना सराय अकिल जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया ।

# महिला हेल्पडेस्क पर आए हुए प्रार्थना पत्रों का त्वरित करें निस्तारण - अशोक






स्वाती मिश्रा

सबसे तेज प्रयागराज

कौशांबी। एएसपी कौशाम्बी अशोक कुमार वर्मा द्वारा थाना कौशाम्बी का वार्षिक निरीक्षण किया गया। गार्द द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी को सलामी दी गयी। थाना कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क, सीसीटीएनएस कक्ष, अपराध रजिस्टर, मालखाना, स्ट्रांग रूम, अन्य रजिस्टरों व अभिलेखों को चेक किया गया एवं उनको अध्यावधिक रखने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। विवेचकों को लंबित विवेचनाओं के त्वरित निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। महिला/पुरुष बैरक, मेस व थाना परिसर का निरीक्षण किया गया तथा साफ सफाई हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया।

# दुष्कर्म के दो आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार






**सबसे तेज प्रयागराज**

**कुशीनगर।** पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रविवार को थाना कोतवाली पडरौना पुलिस टीम द्वारा दुष्कर्म के अभियुक्त अब्दुल कुरैशी पुत्र सफरूल्लाह कुरैशी निवासी बेलवा चुंगी निकट शैल मेडिकल की गली में थाना कोतवाली पडरौना कुशीनगर को गिरफ्तार किया ।

थाना पटहेरवा पुलिस द्वारा पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त विपिन गौड पुत्र गजाधर गौड साकिन काजीपुर थाना पटहेरवा जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# हंडिया पुलिस ने मामूली विवाद में 10 को किया गिरफ्तार




**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** पुलिस उपायुक्त गंगानगर, अपर पुलिस उपायुक्त अपराध व सहायक पुलिस आयुक्त हण्डिया प्रयागराज के पर्यवेक्षण में मुझ प्र०नि० हण्डिया बृजकिशोर गौतम मय पुलिस टीम द्वारा रविवार को जमीनी/आपसी विवाद को लेकर शान्ति/कानून व्यवस्था भंग की सम्भावना पर 10 व्यक्तियो गिरफ्तार किए।

गिरफ्तार व्यक्तियो का विवरण

बसन्तलाल पुत्र केशव प्रसाद निवासी बाहरपुर . वीरेन्द्र कुमार पाल पुत्र कालीचरण निवासी बाहरपुर मवैया. रोहित सिंह पुत्र स्व० देजबहादुर सिंह निवासी कसैयावर. संजय सिंह पुत्र देवी प्रसाद. सौरभ सिंह पुत्र सन्तराज सिंह, पवन सिंह पुत्र धर्मराज सिंह निवासी. पप्पू वर्मा पुत्र वंशीलाल निवासी खपटिहा. राधिका प्रसाद पाल पुत्र पारसनाथ निवासी बाहरपुर मवैया 9 शुभम चौबे पुत्र मुन्नु चौबै, निवासी टेला बरौत, ज्ञान देवी पत्नी विकाश पाल निवासी जुड़ई का पुरा को गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार करने वाले पुलिस टीम


उ0नि0 चन्द्रशेखर यादव. उ0नि0 मणिभूषण शुक्ला. उ0नि0 विवेक कुमार थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज।

# फूलपुर के ढकपूरा जल निगम का नलकूप हो गया ठप

**मौजी लाल रावत**

**सबसे तेज प्रयागराज**

**फूलपुर।** केंद्र से लेकर प्रदेश की भाजपा सरकार जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर नल और हर घर जल योजना के तहत अरबों रुपए खर्च करके शहरो से लेकर ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए अभियान चलाया है वहीं फूलपुर विकासखंड फूलपुर के ढकपूरा गांव में करीब पांच दशक पूर्व मैलहन पेय जल समूह योजना के अंतर्गत जल निगम द्वारा ढकपुरा गांव में लगाए गए नलकूप विभागीय अधिकारियों की उदासीनता के चलते पूर्णतया जर्जर और टाईम बार्ड होकर बंद हो चुका है। जिससे क्षेत्र के दर्जनों गांव में पानी के लिए हाहाकार मच गया है किसी प्रकार ठोक पीट कर उसे कुछ दिनों तक चलाया गया किंतु अब वह जवाब दे दिया है। ग्रामीणों के अनुसार तकनीकी खराबी के कारण माह में 15- 20 दिन बन्द होना बताया जाता है। किसी प्रकार ठोक पीट कर चल रहा है। इस माह की चिलचिलाती गर्मी और 47 डिग्री तापमान में भी लोगों को पानी दूर से लाना पड़ रहा है। यहां के कई गांव में पेयजल समूह के तहत भी ग्राम सभा में टंकियां नहीं बनी। जिससे लोगों को पेयजल संकट से दो चार होना पड़ रहा है। जलनिगम षष्टम निर्माण शाखा का कहना है कि अब सरकार ने उक्त नलकूपों की मरम्मत का कार्य ठेकेदारी प्रथा से लागू कर दी है जिससे एक ठेकेदार कहां-कहां देखें शिकायत की गई है देखिए उक्त नलकूप की मरम्मत कब होती है फिल हाल क्षेत्र के ग्रामीण पानी पीने के लिए दर दर भटक रहे है।





## पुलिस ने चेकिंग के दौरान कई गाड़ियों का ब्लैक फिल्म उतरवाया



**सबसे तेज प्रयागराज**

**बाराबंकी।** यातायात एवं सड़क सुरक्षाह्व के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक बाराबंकी दिनेश कुमार सिंह के निर्देशन में यातायात के नियमों का पालन कराने हेतु जनपद बाराबंकी में वाहनों की सघन चेकिंग हेतु चलाये गये अभियान के दौरान प्रभारी यातायात रामयतन मय टीम द्वारा (पटेल तिराहा, रामनगर तिराहा) व समस्त थानों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में वाहनों की संघन चेंकिग करते हुए वाहन चालकों को चेतावनी देते हुए यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की गई। ब्लैक फिल्म- 15 - नाम पट्टिका- 01- शमन शुल्क 39,500/- रुपए।

## हत्या की घटना का पदार्फाश, घटना में सम्मिलित अभियुक्त को किया गिरफ्तार



**सबसे तेज प्रयागराज**

**कुशीनगर।** पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जायसवाल के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर रितेश कुमार सिंह के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी खड्डा उमेश चन्द्र भट्ट के कुशल मार्गदर्शन में अपराध व अपराधियो के विरुध्द एवं वांछित अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रविवार को थाना खड्डा की पुलिस द्वारा अभियुक्त अरूण उर्फ अर्पण पुत्र मनोज जायसवाल ग्राम सोहरौना थाना खड्डा जनपद कुशीनगर को बंजारीपट्टी नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एक अदद गमछा की बरामदगी की गयी। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर अग्रिम आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटना का संक्षिप्त विवरण**

दिनांक 19.06.2024 को समय 8.49 बजे त्रियोगी शर्मा के गन्ने के खेत के पास एक अज्ञात पुरूष का शव मिला था पुलिस द्वारा शव का सिनाख्त होने पर पंचायतनामा व पोस्टमार्टम की कार्यवाही करायी गई पोस्टमार्टम में आयी चोट से हत्या की आशंका होने पर वादी मुकदमा रहीम अंसारी र/ड स्व0 सकुर अंसारी सा0 लखुआ बाजार टोला थाना खड्डा जनपद कुशीनगर द्वारा अभियुक्त अरूण उपरोक्त व एक अन्य साथी ग्राम लखुआ लखुई व मृतक रमजान पुत्र रहीम अंसारी जो आपस में दोस्त थे दिनांक 18.06.2024 की शाम करीब 8 बजे ये तीनो लोग बंजारीपट्टी सोहरौना अण्डरपास के पास रेलवे ट्रैक पर बैठकर गांजा पी रहे थे तभी मृतक रमजान ने अभियुक्त की मृतक मां की बहुत ही भद्दी-भद्दी गाली देने लगा जिससे इनके बीच हाथापाई होने लगी, वे सभी वहां से हटकर खेत की तरफ चले गये वहां जाने पर पुनः इन लोगो में गाली गलौज हुआ तब अभियुक्त अरूण उर्फ अर्पण उपरोक्त तथा एक अन्य साथी ने मिलकर रमजान को खूब मारा जिससे रमजान वही गिर गया और बडबडाने लगा गुस्से में आकर अपने दोस्त के गमछे से दोनों ने मिलकर रमजान का गला कस दिया जिससे उसकी मृत्यु हो गयी एवं स्थित नहर के झाडियो में गमछा छुपाकर रमजान की मोबाईल उसी नहर में फेंक दिया और वहां से भाग गये।

## दो पशु तस्करों को किया गिरफ्तार, तीन मवेशी बरामद




**सबसे तेज प्रयागराज**

**कुशीनगर।** पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जायसवाल के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर अभिनव त्यागी के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी तमकुहीराज जितेन्द्र सिंह कालरा के नेतृत्व में गोवंश की तस्करी के विरुद्ध चलाये जा रहे है अभियान के क्रम में को थाना तरयासुजान पुलिस टीम द्वारा ठल28 बिहार बार्डर के पास से एक पीकप वाहन से तस्करी कर वध हेतु ले जायी जा रही 03 राशि गोवंश के साथ दो पशुतस्करों को गिरफ्तार किया गया।

## पुलिस ने 113 वाहनों का किया ई चालान

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी।** जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्नथानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो-पहिया/चार पहिया वाहनों को चेक किया गया । यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 113 वाहनों का ई-चालान किया गया तथा 02 वाहनों से 1500 /- रुपये सम्मन शुल्क वसूला गया ।

## शांति भंग की कार्यवाही मे 18 अभियुक्त गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी।** जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में ( थाना करारी से 03, थाना पश्चिम शरीरा से 02, थाना पिपरी से 04, थाना संदीपनघाट से 03, थाना कोखराज से 02, थाना सैनी से 01, थाना मोहब्बतपुर पइंसा से 03 ) कुल 18 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान मा0 न्यायालय किया गया ।

## झमाझम बारिश से तापमान में गिरावट, लोगों ने ली राहत की सांस

**कन्नौज। दोपहर के वक्त** काले बादल घिर गए। तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी शुरू हो गई। जिस कारण तापमान 7 डिग्री तक गिर गया और लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिल गई हालांकि जिले के कुछ गांव और कस्बों में झमाझम बारिश हुई।

# महिला पुलिसकर्मियों द्वारा महिलाओं को मिशन शक्ति नारी शक्ति के बारे में किया जागरूक









**ब्यूरो चीफ**

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक तथा क्षेत्राधिकारी मंझनपुर थाना प्रभारी के कुशल निर्देशन मे २कवळ तहसीन बानो आ 0 पिंटू म0आ0नंदिनी तिवारी एंटीरोमियो टीम द्वारा कड़ा धाम,मंझनपुर, सैनी में संदिध लोगो को चेक किया गया ब नाम पता नोट कर हिदायत दे कर छोड़ा गया एंटीरोमियो चेकिंग की गई तथा शक्ति दीदी ,मिशन शक्ति के तहत स्कूल के समय भ्रमणशील रहकर महिलाओ और बालिकाओ को साइबर अपराध व महिला सशक्तिकरण के लिए शासन द्वारा चलाए गए सभी हेल्पलाइन नंबर को विस्तृत तरीके से समझा कर मिशन शक्ति ,नारी शक्ति,नारी सम्मान, नारी सुरक्षा, नारी स्वावलंबन के बारे में महिला पुलिसकर्मियों ने किया जागरूक।

## निमार्णाधीन पानी टंकी की स्लेप गिरने से दो मजदूर घायल



**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी।** नगर पंचायत दारानगर कड़ाधाम के इस्माइलपुर में निमार्णाधीन पानी टँकी की स्लेप गिर जाने से दो मजदूर जख्मी हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई ।स्थानीय लोगों ने जख्मी मजदूरों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद एक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

नगर पंचायत क्षेत्र के इस्माइलपुर में करीब 8 लाख की लागत से 5 हजार लीटर की पानी की टंकी का निर्माण कराया जा रहा है ।रविवार को पानी टँकी की स्लेप पड़ रही थी तभी अचानक बल्ली स्लिप कर टूट गयी जिसके चलते काम कर रहे दो मजदूर मंदीप पुत्र मुन्ना 28 वर्ष व दिलीप पुत्र जयकरन 20 वर्ष निवासीगण उसरैनापुर थाना सैनी गिरकर जख्मी हो गए ।स्थानीय लोगों ने घायल मजदूरों को सीएचसी कड़ा में भर्ती कराया जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद मंदीप को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## मारपीट में 2 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार




**ब्यूरो चीफ**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सन्दीपन घाट पुलिस उ0नि0 बलबीर सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा 2 वांछित अभियुक्तों सुभाष पासी पुत्र स्व0 होरीलाल पासी निवासी ग्राम छबिलवा थाना संदीपनघाट जनपद कौशाम्बी . सूरजकली पत्नी कल्लू उर्फ जय सिंह पुत्री स्व0 होरीलाल निवासी ग्राम मोहिउद्दीनपुर गौस थाना संदीपनघाट जनपद कौशाम्बी को ग्राम छबिलवा से गिरफ्तार किया गया।

## पेरिस ओलंपिक में शामिल होना गौरव का क्षण : श्रेयसी सिंह

**पटना। पेरिस में** 26 जुलाई से आयोजित होने वाले ओलंपिक गेम के लिए भारतीय निशानेबाजी टीम में बिहार से एकमात्र खिलाड़ी श्रेयसी सिंह का चयन हुआ है। श्रेयसी जमुई विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक हैं।

# शिक्षकों की समस्याओं के निस्तारण को लेकर शिक्षा निदेशालय में धरना आज

## प्रदेश के सभी जिलों से एकत्र होंगे बड़ी संख्या में शिक्षक : डा हरिप्रकाश यादव

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (एकजुट) प्रयागराज की बैठक जिला अध्यक्ष मो जावेद की अध्यक्षता में बालसन चौराहे पर स्थित पार्क में हुई जिसमें 24 जून सोमवार को माध्यमिक शिक्षा निदेशक उत्तर प्रदेश के प्रयागराज स्थित कार्यालय पर होने वाले धरने को अंतिम रूप दिया गया । बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश संरक्षक डॉ हरि प्रकाश यादव ने बताया कि 14 मार्च 2024 को पूरे प्रदेश के शिक्षकों ने शिक्षा निदेशक के कार्यालय पर ऐतिहासिक धरना दिया था और उस समय संगठन के साथ हुई बैठक में शिक्षा निदेशक ने विद्यालयों का राजकीय करण करने, उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड के खत्म होने के पश्चात शिक्षकों की सेवा सुरक्षा से संबंधित निरसित हुई धाराओं 12, 18 व 21 को पुन बहाल करने, ऑनलाइन स्थानांतरण शुरू करने, सिटिजन चार्टर 45 दिन में लागू करने, बोर्ड परीक्षा की कापियों के मूल्यांकन का पारिश्रमिक बढ़ाने सहित अन्य बिंदुओं पर लिखित आश्वासन दिया था परंतु वह आश्वासन आज तक पूरा नहीं हुआ जिसके कारण पूरे प्रदेश के शिक्षकों मे भारी रोष व्याप्त है।

डा हरिप्रकाश यादव ने कहा कि सोमवार 24 जून को प्रातः 10 बजे से शिक्षा निदेशालय प्रयागराज पर विशाल धरना होगा जिसमें प्रदेश के सभी शिक्षक संगठनों के बड़ी संख्या में शिक्षक, शिक्षिकाएं शामिल होकर अपनी बात रखेंगे और प्रदेश सरकार शिक्षकों की लंबित समस्याओं के शीघ्र निस्तारण की मांग करेंगे।

एकजुट के प्रदेश महामंत्री राजीव यादव व प्रदेश उपाध्यक्ष उपेंद्र वर्मा ने शिक्षकों से अधिक से अधिक संख्या में धरने में पहुंचने की अपील की। बैठक का संचालन जिला मंत्री देवराज सिंह ने किया। बैठक में सुरेन्द्र प्रताप सिंह, तीर्थराज पटेल, प्रमोद पाल,सुरेश पासी, मिथिलेश मौर्य लक्ष्मी नारायण सिंह हरिशंकर , राकेश यादव,आशीष गुप्ता , विजय यादव,नरेंद्र प्रताप सिंह अरुण कुमार सिंह, अशोक सिंह, डीपी यादव, दिनेश यादव, राकेश यादव, प्रकाश जायसवाल, डॉ राजेश सिन्हा, लाल मणि यादव, रविंद्र यादव सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

# जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में मनाई गई

**सबसे तेज प्रयागराज**

**फूलपुर।** भाजपा फूलपुर मंडल द्वारा नगर पंचायत फूलपुर में स्थिति सरस्वती शिशु मंदिर में जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्य तिथि बलिदान दिवस के रुप में मनाया ।

कार्यकताओं को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष अमरनाथ यादव ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अखंड भारत के लिए अपने प्राणों को बलिदान कर दिया। कश्मीर में परमिट व्यवस्था का विरोध करते हुए जेल गए और वहीं पर उन्होंने अंतिम सांस लिया। विशिष्ट अतिथि फूलपुर मंडल प्रभारी लक्ष्मीकांत उपाध्याय ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के बलिदान के लिए देश उन्हें सदैव याद रखेगा सभी कार्यकर्ता देश के बहुमुखी विकास के लिए अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करें यही उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम को अनिल मौर्य ने भी संबोधित किया कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष आलोक गुप्ता ने किया।



कार्यक्रम में राम आधार बिंद, प्रमोद पांडे, बसंत लाल मौर्य, गिरधारी लाल पटेल, सभासद राहुल विश्वकर्मा, रजत केसरी, पूर्व सभासद रमेश गौतम, शैलेंद्र भारती, ओंकारनाथ मिश्रा, राजा मौर्य, विष्णु केसरी, ओंकार नाथ मिश्रा, शाहिद अख्तर, वकार अहमद, गौतम कुमार, सुभाष राजभर, नागेंद्र सिंह, पन्नालाल, रानी मोदनवाल, सुषमा देवी आदि मौजूद रहे।

# 69 स्थानों पर दबिश, 22 अभियुक्त गिरफ्तार, 432 लीटर, शराब बरामद, 22.2 कुंतल लहन नष्ट कराया







**ब्यूरो चीफ**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर अवैध शराब के निर्माण एवं तस्करी के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में जनपद के विभिन्न थानों पर गठित टीमों द्वारा 69 स्थानों पर दबिस दी गयी । जहां से 22 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कब्जे से कुल 432 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गयी तथा मौके से कुल 22.2 कुंतल लहन नष्ट कराया गया ।

**गिरफ्तार करने वाली टीम**

प्रभारी निरीक्षक सैनी जयचंद शर्मा, थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार सिंह, थानाध्यक्ष चंद्र भूषण मौर्य, थानाध्यक्ष धीरेंद्र सिंह, समेत जनपद पुलिस टीम रही।







## अतरसुइया पुलिस द्वारा 2 अभियुक्ता गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** अतरसुइया पुलिस दहेज हत्या के मामले में वांछित चल रही दो महिला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

थाना अतरसुइया पुलिस द्वारा 2 अभियुक्ता कलावती सोनकर पत्नी स्व0 राजाराम निवासिनी म0नं0- 980 खटिकाना दरियाबाद थाना अतरसुइया प्रयागराज व नीलम सोनकर पत्नी चंद्र प्रकाश उर्फ बबलू सोनकर निवासिनी म0नं0 1102 खटिकाना दरियाबाद अतरसुइया प्रयागराज को मुखबिर की सूचना पर खटिकाना मोहल्ले थाना क्षेत्र अतरसुइया से गिरफ्तार किया गया ।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम

उ0नि0 रामेन्द्र कुमार सिंह, चौकी प्रभारी दरियाबाद,का0 रविन्द्र सिंह यादव, थाना अतरसुइया कमिश्नरेट प्रयागराज ।

## दो हत्या आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** एसीपी धूमनगंज वरुण कुमार के निर्देश पर हत्या के मामले में वांछित चल रहे आरोपी की तलाश में मुखबिर की सूचना पर धूमनगंज पुलिस ने दो आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

थाना धूमनगंज पुलिस द्वारा 2 अभियुक्त उमेश पुत्र स्व0 प्रेमलाल निवासी चकिया आनन्दपुरम कसारी मसारी थाना धूमनगंज प्रयागराज स्थायी पता निखोदर थाना महेवाघाट कौशाम्बी व संजय गुप्ता पुत्र स्व0 रामप्रसाद गुप्ता निवासी आनन्दपुरम कसारी मसारी थाना धूमनगंज प्रयागराज को रविवार को मुखबिर खास की सूचना पर कसारी मसारी थाना क्षेत्र धूमनगंज से गिरफ्तार किया गया। तथा अभियुक्त उमेश की निशादेही पर मृतका के घर से (हत्या में प्रयुक्त आलाकत्ल ईट व खून से सना हुआ छींटदार गुलाबी रंग का कपड़ा) तथा जामा तलाशी से फिरौती के 8500/- रुपए नकद बरामद किये गये।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम

नि0 वैभव सिंह, थाना प्रभारी धूमनगंज,उ0नि0 अमित कुमार सिंह, का0 सज्जन कुमार, थाना धूमनगंज कमिश्नरेट प्रयागराज ।

## अतरसुइया पुलिस ने जुआं के अड्डे पर की छापेमारी, डेढ़ लाख नगदी व ताश के पत्ते के साथ तीन गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** अतरसुइया पुलिस ने रविवार को जुआ के अड्डे पर ताबड़तोड़ छापेमारी करते हुए तीन जुआरी को गिरफ्तार कर डेढ़ लाख नगदी व ताश के पत्ते बरामद करते हुए लिखा पढ़ी किया।

थाना अतरसुइया पुलिस द्वारा रविवार को मुखबिर की सूचना पर 3 अभियुक्त मो0 इरफान खान पुत्र स्व0 एहतेशाम खान निवासी 141 दाराशाह अजमल थाना शाहगंज प्रयागराज, रहीश अहमद पुत्र स्व0 मो0 अहमद नि0 274 अटाला, थाना खुल्दाबाद प्रयागराज, रंजीत कुमार सोनकर पुत्र स्व0 श्रीनाथ सोनकर नि0 11/13 बैंक रोड थाना कर्नलगंज प्रयागराज को ककरहा घाट थाना क्षेत्र अतरसुइया से सार्वजनिक स्थल पर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार किया गया तथा कब्जे से 1,50,000/- (एक लाख पचास हजार) रुपये मालफड़ तथा जामा तलाशी के 4500/- रुपये नकद व 52 ताश के पत्ते बरामद किये गये।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम**

उ0नि0 हीरालाल, चौकी प्रभारी मीरापुर, उ0नि0 प्रशि0 गौरव कुमार, का0 कमलेश यादव, थाना अतरसुइया कमिश्नरेट प्रयागराज ।

## कनौजिया सोनार महापरिवार 51 जोड़ी का कराएगा सामूहिक विवाह : जयकुमार सोन

**पटना। कनौजिया सोनार** महापरिवार के केन्द्रीय कार्यसमिति की बैठक मंगल तलाब स्थित रामदेव महतो सामुदायिक भवन, पटना सीटी मे आयोजित किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से बर्ष-24-25 में 51 जोड़ी वर- वधूओ का सामूहिक विवाह कराने का फैसला लिया गया। बैठक में विगत बर्ष में हुए सामूहिक विवाह के आय - व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया गया।

यह भी निर्णय लिया गया, कि कनौजिया सोनार महापरिवार नेत्र अस्पताल और धर्मशाला का निर्माण कराएगा। इस आशय की जानकारी राष्ट्रीय संरक्षक जय कुमार सोनी ने दिया। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय सचिव सह जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र प्रसाद ने किया। इस मौके पर राष्ट्रीय प्रमुख रणजीत वर्मन, राष्ट्रीय अध्यक्ष, अजय वर्मन, चैयरमेन, दिनेश पोद्दार, राष्ट्रीय संरक्षक, जय कुमार सोनी, जय प्रसाद वर्मा, अशोक कुमार वर्मा, रविशंकर प्रसाद वर्मा आदि मौजूद थे।

## अंडा खाने के विवाद में दो पक्ष में मारपीट

**सासाराम (रोहतास)। जिले** के चेनारी थाना के नवाबगंज में शुक्रवार की रात दो समुदाय के बीच हुए झड़प में जमकर ईंट-पत्थर चले। सूचना पर पहुंची पुलिस अधिकारियों ने मामले को शांत कराया। घटना के बाद मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मामूली बात को लेकर नवाबगंज में कुछ युवकों में विवाद हो गया। बात बढ़ने पर दोनों पक्षों के लोग जमा हो गए और ईंट-पत्थर चलाने लगे। सूचना पर चेनारी थाना की पुलिस पहुंची। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए सासाराम एडीएम आशुतोष रंजन एवं एसडीपीओ दिलीप कुमार दल-बल के साथ पहुंचे।

लोगों को समझा बुझाकर शांत कराया। एसडीपीओ दिलीप कुमार ने बताया कि अंडे के दुकान पर कुछ लड़कों में खाने के क्रम में विवाद हो गया। जिसे कम्यूनल रंग देने का प्रयास किया गया। लेकिन मौके पर पुलिस-प्रशासन ने पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित कर लिया। मामले की तह तक जाने पर जानकारी मिली कि अंडा के दुकान पर विवाद शुरू हुआ था। उन्होंने कहा कि मौके पर पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है। स्थित नियंत्रण में है, इस पर नजर रखी जा रही है।

## अवधेश नारायण सिंह को बिहार विधानसभा का तीसरी बार सभापति बनाने पर खुशी

**कोचस (रोहतास)। बिहार** बिधान परिषद के कार्यकारी सभापति के रूप मे तीसरी बार अवधेश नारायण सिंह को सभापति बनने पर रोहतास व कैमूर में एनडीए कार्यकताओं ने खुशी जताया। शुक्रवार के दिन बिहार के राज्यपाल राजेन्द्र बिश्वनाथ आर्लेकर के अनुमति के द्वारा अवधेश नारायण सिंह को न्युक्त किया गया।

कैमुर रोहतास के ग्रामीण जनता तथा भाजपा कार्यकर्ता मे खुशी का महौल हो गया। बता दे कि अवधेश नारायण सिंह गया स्नातक से बिहार बिधान परिषद के सदस्य के रूप मे चुने गए है। जो अब बिहार बिधान परिषद के सभापति के रूप मे पद भार ग्रहण किए।

# सेहत होगी दुरुस्त और चेहरे पर आएगी चमक, अगर आज ही चीनी को कह देंगे अलविदा



**चीनी हमारी डाइट का एक अहम हिस्सा बन चुकी है। इसके बिना कई व्यंजनों का स्वाद खराब लगता है। हालांकि ज्यादा मात्रा में इसका सेवन करने से सेहत को कई गंभीर नुकसान हो सकते हैं। ऐसे में अगर चीनी को अपनी डाइट से बाहर कर दिया जाए तो इससे कई तरह के फायदे मिलते हैं। आइए जानते हैं चीनी छोड़ने के फायदे**

हमारे खाने का स्वाद बढ़ाने के लिए हम कई सारी चीजों का इस्तेमाल करते हैं। चीनी इन्हीं में से एक है, जिसके बिना अक्सर व्यंजनों का स्वाद बेस्वाद लगता है। चाय-कॉफी हो या मीठा व्यंजन चीनी के बिना काफी खराब लगते हैं। हालांकि, चीनी हमारी सेहत को कई गंभीर नुकसान पहुंचाती है। इसलिए इसका सेवन काफी सीमित मात्रा में किया जाना चाहिए। जरूरत से ज्यादा चीनी डायबिटिज जैसी लाइलाज बीमारी का शिकार बना सकती हैं। ऐसे में बेहतर होगा कि इसे या तो सीमित मात्रा में डाइट में शामिल किया जाए या डाइट से बिल्कुल ही बाहर कर दिया जाए। चीनी को डाइट से पूरी तरह आउट करने से सेहत को काफी फायदे मिलते हैं। अगर आप भी चीनी छोड़ने का विचार कर रहे हैं, तो इससे होने वाले फायदों के बारे में जानकर आप तुरंत ही इसे डाइट से आउट कर देंगे। आइए जानते हैं चीनी छोड़ने के कुछ फायदे-

**वजन कम होता है**

अगर आप चीनी को अपनी डाइट से पूरी तरह बाहर कर देते हैं, तो इससे आपको वजन कम करने में काफी मदद मिलती है। ऐसा इसलिए क्योंकि चीनी में कैलोरी की मात्रा काफी ज्यादा होती है और यह फैट स्टोरेज को बढ़ाने में योगदान करती है। ऐसे में इसे छोड़ने से वेट लॉस करना आसान होता है।

**दांतों के लिए फायदेमंद**

ज्यादा मात्रा में चीनी खाने से अक्सर दांतों से जुड़ी समस्याएं जैसे सड़न और उनमें छेद होने की संभावना बनी रहती है। ऐसे में चीनी छोड़ने से ओरल हाइजीन बेहतर हो सकती है और दांतों से जुड़ी समस्याओं का खतरा कम भी हो सकता है।

**एनर्जी लेवल बनाए रखे**

चीनी खाने से एनर्जी लेवल में लगातार उतार-चढ़ाव बना रहता है। ऐसे में अगर आप इसे अपनी डाइट से पूरी तरह बाहर कर देते हैं, तो इससे आपका एनर्जी लेवल स्थिर बना रहेगा और आप दिन भर एनर्जी से भरपूर महसूस करते हैं।

**स्किन के लिए फायदेमंद**

अगर आप चीनी को अपनी डाइट से आउट कर देते हैं, तो इससे आपकी स्किन को भी काफी फायदा मिलता है। चीनी मुंहासे और समय से पहले बूढ़ा होने जैसी त्वचा संबंधी समस्याओं का कारण बनती है। ऐसे में इसे छोड़ने से त्वचा साफ और स्वस्थ हो सकती है।

**कई बीमारियों का खतरा होगा कम**

ज्यादा चीनी खाने से टाइप 2 डायबिटीज, हार्ट डिजीज और कुछ प्रकार के कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के विकसित होने का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में अगर आप चीनी छोड़ते हैं, तो इससे इस जोखिम को कम करने में मदद मिल सकती है।

# चिपको की तरह दक्षिण भारत का अप्पिको

इस आंदोलन का असर हुआ कि कर्नाटक के पश्चिमी घाट में हरे पेड़ों को कटने पर सरकार ने रोक लगाई, जो अब भी जारी है। यह अहिंसक व गांधीवादी तरीके का आंदोलन था। पेड़ों से लोग चिपक गए थे। यह प्रतीकात्मक ही नहीं था, वास्तव में वनों का कटान रोकने के लिए वनों से लोग चिपक गए। बिलकुल उत्तराखंड के चिपको आंदोलन की तरह।

चिपको आंदोलन की 50 वीं वर्षगांठ पूरी हो रही है। इस आंदोलन ने हिमालय में वन कटाई पर रोक लगवाने में सफलता पाई थी। इसका देश-दुनिया में काफी असर हुआ था। कई जगहों पर इससे प्रभावित होकर लोगों ने पेड़, पहाड़, पानी, पत्थर और खेती को बचाने के लिए पहल शुरू की थी। इसके साथ, शराब बंदी आंदोलन, बीज बचाओ आंदोलन और पर्यावरण जागरूकता के लिए मुहिम छेड़ी। आज मैं इस कॉलम में चिपको से प्रेरणा लेकर कर्नाटक में चलने वाली एक महत्वपूर्ण पहल अप्पिको के बारे में करना चाहूंगा।हाल ही में मुझे चिपको आंदोलन से प्रेरणा लेकर अप्पिको आंदोलन के सूत्रधार पांडुरंग हेगड़े से मिलने का मौका मिला। छत्तीसगढ़ के राजिम कस्बे में वे एक बैठक में हिस्सा लेने आए थे। इस दौरान उन्होंने मुझे अप्पिको आंदोलन की प्रेरणादायक कहानी सुनाई। वे देश-दुनिया में पर्यावरण के प्रति चेतना जगाने की कोशिश कर रहे हैं।आगे बढ़ने से पहले चिपको आंदोलन के बारे में जानना उचित होगा। मुझे एक-दो बार चिपको के प्रणेता सुंदरलाल बहुगुणा को भी देखने व सुनने का मौका मिला है। मुझे उनकी एक बात याद है, जो उन्होंने इन्दौर की एक बैठक में कही थी। उन्होंने कहा था कि पेड़ भी जिंदा हैं,और वे बातें भी करते हैं। अगर उन्हें गले से लगाते हैं तो सुकून मिलता है।चिपको आंदोलन महिलाओं की अगुआई में हुआ था। इसका श्रेय बहुगुणा जी भी महिलाओं को देते थे। वे कहते थे महिलाएं जंगल का महत्व अच्छे से जानती हैं, क्योंकि वह उनका मायका है, जो हर संकट के समय उनके साथ रहता है। जंगल से ही उनकी सब जरूरतें पूरी होती हैं। फल, फूल, शहद, ईंधन, चारा, पानी, रेशे सब कुछ। इस आंदोलन ने वन कटाई पर न केवल रोक लगाने में सफलता पाई थी, पेड़ों से चिपककर उन्हें कटने से बचाया था। बल्कि पूरी दुनिया में पर्यावरण के प्रति चेतना जगाई थी।पांडुरंग हेगड़े दिल्ली विश्वविद्यालय से सामाजिक कार्य में गोल्ड मेडलिस्ट हैं। अपनी पढ़ाई के दौरान ही हिमालय के चिपको आंदोलन में शामिल हो गए थे और कई गांवों में घूमे थे और कार्यक्रमों में शामिल हुए थे। वे शुरूआत से स्वभाव से घुमक्कड़ हैं, और पर्यावरण के प्रति उनका विशेष लगाव रहा है। लेकिन सुंदरलाल बहुगुणा और चिपको की प्रेरणा से उनकी जीवनधारा ही बदल गई। उन्हें बड़ी नौकरियों के प्रस्ताव मिले, लेकिन उन्होंने उनकी कर्मभूमि कर्नाटक को ही बनाया, जहां के वे रहने वाले हैं।



पांडुरंग हेगड़े जब पढ़ाई के बाद उनके गांव वापस लौटे तब तक घने जंगल उजाड़ में बदल रहे थे। हरे पेड़ कट रहे हैं। इससे पांडुरंग व्यथित हो गए, उन्हें उनका बचपन याद आ गया। बचपन में वे खुद घर के मवेशी जंगल में चराते थे, तब बहुत घना जंगल देखा था। हरे पेड़, शेर, हिरण,जंगली सुअर,जंगली भैंसा, बहुत से पक्षी और तरह-तरह की चिड़ियाएं देखी थीं। पर कुछ सालों के अंतराल में इसमें कमी आई।अस्सी के दशक की बात है। हिमालय की तरह पश्चिमी घाट में वनों की कटाई होने लगी। यह उष्ण कटिबंधीय वन जैव विविधता के लिए जाने जाते हैं। जंगलों पर लोगों की आजीविका व जीवन निर्भर था। लेकिन सरकार की वननीति के चलते यहां की जैव विविधता व पर्यावरण पर विपरीत असर पड़ा। इससे न केवल यहां के लोगों का जीवन कठिन हुआ बल्कि यहां के पीने के पानी और खेती की सिंचाई का भी संकट बढ़ने लगा। चिपको से प्रेरणा लेकर यहां भी अप्पिको ( कन्नड़ भाषा का शब्द) नाम से जिसका अर्थ भी चिपको ही होता है, आंदोलन चला।

उन्होंने ग्रामीणों के साथ मिलकर हस्तक्षेप करनी की सोची। इसी समय सुंदरलाल बहुगुणा जी कर्नाटक आए और उन्होंने चिपको आंदोलन का अनुभव ग्रामीणों को बताया और कहा कि आप भी इस काम को आगे बढ़ाएं। उनसे प्रेरणा लेकर सालकनी गांव से विरोध शुरू हुआ और आसपास के गांवों में फैला। यहां पदयात्रा की, जिनमें महिलाएं व युवा शामिल थे। इस आंदोलन का विस्तार जल्द ही पड़ोसी गांव सिद्दापुर तालुका तक हो गया।

इसके पहले पांडुरंग हेगड़े चिपको आंदोलन के प्रणेता सुंदरलाल बहुगुणा के साथ कश्मीर से कोहिमा तक की पदयात्रा में शामिल हुए थे, जिसने पूरे देश का ध्यान खींचने की कोशिश की थी। इसीलिए पदयात्राओं का महत्व लोगों को जोड़ने व चेतना जगाने में क्या है, उसे अच्छी तरह समझते थे।

पांडुरंग हेगड़े ने इसमें सभी तबके को जोड़ा, राजनीतिक पार्टियों को भी शामिल किया। उनका कहना था कि हमारा मुख्य उद्देश्य वनों की रक्षा करना है, जो हमारे और सभी जीव-जगत के जीवन का आधार है। हमें इसमें सबकी भागीदारी की जरूरत है, पर किसी का एकाधिकार नहीं होना चाहिए। हमें वननीति में बुनियादी बदलाव चाहते हैं, जो कृषि में मददगार हो। जिस पर देश की बड़ी आबादी आश्रित है।ग्रामीणों का कहना था कि कृषि उपज घट रही है, क्योंकि जंगल कट रहा है। फसलों में रोग लग रहे हैं। आर्थिक हालत खराब हो रही है। कर्ज बढ़ रहा है। उत्तर कन्नड़ जिले में 80 प्रतिशत जंगल था, जो वन दोहन के कारण काफी कम हो गया था। और उसकी जगह सागौन व यूकेलिप्टस लगाया था। जलस्रोत सूख गए थे। बारिश भी कम हो रही थी। जंगल से फल, चारा, ईंधन, जैव खाद और रेशा मिलते थे, उनमें कमी आ रही थी। अप्पिको आंदोलन से वनों को फिर से हरा-भरा करने में मदद मिली और लोगों की आजीविका भी इससे जुड़ी।

हिमालय के चिपको आंदोलन की तरह पश्चिमी घाट में अप्पिको आंदोलन भी प्रसिद्ध हुआ। वनों की कटाई के खिलाफ आंदोलन काफी हद तक सफल रहा। इसे न केवल लोगों का समर्थन हासिल हुआ बल्कि मीडिया में अच्छा कवरेज मिला, सरकारी महकमे में मान्यता मिली।इस आंदोलन का असर हुआ कि कर्नाटक के पश्चिमी घाट में हरे पेड़ों को कटने पर सरकार ने रोक लगाई, जो अब भी जारी है। यह अहिंसक व गांधीवादी तरीके का आंदोलन था। पेड़ों से लोग चिपक गए थे। यह प्रतीकात्मक ही नहीं था, वास्तव में वनों की कटान रोकने के लिए वनों से लोग चिपक गए। बिलकुल उत्तराखंड के चिपको आंदोलन की तरह।इस आंदोलन से नया नारा निकला। उलीसू, बेलासू और बालूसू। यानी जंगल बचाओ, पेड़ लगाओ और उनका किफायत ( टिकाऊ) से इस्तेमाल करो। यह आंदोलन आम लोगों और उनकी जरूरतों से जुड़ा है, यही कारण है कि इतने लम्बे समय तक चल रहा है। पर्यावरण संरक्षण के आंदोलन को आजीविका की रक्षा से जोड़ा।

पांडुरंग हेगड़े का कहना है कि यह आंदोलन किसी संस्था, व्यक्ति का काम नहीं, यह जनसाधारण का आंदोलन था, जो आज भी कई रूपों में जारी है। गांव-गांव संपर्क, पदयात्राएं, रैली और जुलूस निकले, लेकिन यह सभी स्थानीय लोगों के सहयोग, संसाधन व भागीदारी से हुए।अप्पिको के साथ दक्षिण भारत में पर्यावरण बचाने के लिए कई और पहल हुई हैं, जिसमें पांडुरंग हेगड़े ने महती भूमिका निभाई है। हालांकि कई पहलों में इस आंदोलन को सफलता भी नहीं मिली, लेकिन फिर भी यह मुहिम जारी है। पांडुरंग हेगड़े ने पर्यावरण की जागरूकता की इस मुहिम को रचनात्मक गतिविधियों के साथ जोड़ा, नाटक व गीतों का भी इसमें इस्तेमाल किया।

जैव विविधता की एक कड़ी में मधुमक्खी बचाने की पहल की जा रही है। इसके लिए हनी फेस्टिवल ( शहद मेला) का आयोजन किया जाता है। इस मेले में युवा बड़ी संख्या में जुड़ते हैं और मधुमक्खी व जैव विविधता क्यों जरूरी है, इस पर विस्तार से बात होती है। इसमें मधुमक्खी की देशी प्रजातियों को बचाने पर जोर दिया जाता है।चिपको और अप्पिको अब वन संरक्षण का पर्याय बन गए हैं। इससे प्रेरणा लेकर कई जगहों पर लोग पेड़ों को बचाने के लिए आगे आए हैं। पांडुरंग, इसकी पहचान और चेहरा भी माने जाते हैं। अप्पिको से शुरूआत के बाद छह राज्यों में पश्चिमी घाट बचाओ आंदोलन भी चल रहा है, जो पर्यावरण बचाने की महत्वपूर्ण पहल है।पांडुरंग हेगड़े अब देश-दुनिया में पर्यावरण जागरूकता के लिए जाने जाते हैं। उन्हें विदेश के कई देशों में जाने का मौका भी मिला है। वहां के पर्यावरण और जनजीवन को देखने का करीब से देखने का मौका मिला है। उनका मानना है कि हमारे देश में जितनी विविधता है, उतनी ही विकल्पों की भी विविधता है। यहां कई रूपों में समाज, व्यक्ति व संस्थाएं विकल्प गढ़ने की कोशिश कर रही हैं। हर क्षेत्रों में यह विकल्प उभर रहे हैं, जो उम्मीद जगाते हैं।

अप्पिको आंदोलन अहिंसक पर्यावरण का आंदोलन था, जो आज भी अलग- अलग तरह से जारी है। इस आंदोलन ने पर्यावरण रक्षा को लोगों की आजीविका की रक्षा से जोड़ा। गांव के टिकाऊ जीवन पद्धति व टिकाऊ विकास, गांवों की आजीविका और दीर्घकालीन दृष्टि से पर्यावरण बचाने की राह अपनाई। अप्पिको आंदोलन का पर्यावरण रक्षा में एक महत्वपूर्ण योगदान है, जो अनुकरणीय व प्रेरणादायक है। लेकिन क्या सचमुच इस दिशा में आगे बढ़ने को तैयार हैं?

## संपादकीय

# लाखों मौतों की जवाबदेही

यूनिसेफ और अमेरिका के स्वतंत्र अनुसंधान संस्थान 'हेल्थ इफेक्ट्स इंस्टीट्यूट' की साझेदारी में जारी रिपोर्ट के वे आंकड़े परेशान करने वाले हैं, जिसमें वर्ष 2021 में वायु प्रदूषण से 21 लाख भारतीयों के मरने की बात कही गई है। दुखद बात यह है कि मरने वालों में 1.69 लाख बच्चे हैं, जिन्होंने अभी दुनिया ठीक से देखी ही नहीं थी। निश्चय ही ये आंकड़े जहां व्यथित व परेशान करने वाले हैं। वहीं नीति-नियंताओं को शर्मसार करने वाले भी हैं कि इस दिशा में अब तक गंभीर प्रयास क्यों नहीं हो रहे हैं। ऐसा नहीं है कि पर्यावरण प्रदूषण संकट से अकेला भारत ही जूझ रहा है। चीन में भी इसी कालखंड में 23 लाख लोग वायु प्रदूषण से मरे हैं। जहां तक पूरी दुनिया में इस वर्ष मरने वालों की कुल संख्या का प्रश्न है तो यह करीब 81 लाख बतायी जाती है। चिंता की बात यह है कि भारत व चीन में वायु प्रदूषण से मरने वालों की कुल संख्या के मामले में यह आंकड़ा वैश्विक स्तर पर 54 फीसदी है। जो हमारे तंत्र की विफलता, गरीबी और प्रदूषण नियंत्रण में शासन-प्रशासन की कोताही को ही दर्शाता है। आम आदमी को पता ही नहीं होता है कि किन प्रमुख कारणों से यह प्रदूषण फैल रहा है और किस तरह वे इससे बचाव कर सकते हैं। सड़कों पर लगातार बढ़ते निजी वाहन,गुणवत्ता के ईंधन का उपयोग न होना, निर्माण कार्य खुले में होना, उद्योगों की घातक गैसों व धुएं का नियमन न होने जैसे अनेक कारण वायु प्रदूषण बढ़ाने वाले हैं। वहीं दूसरी ओर आवासीय कॉलोनियों व व्यावसायिक संस्थानों का विज्ञानसम्मत ढंग से निर्माण न हो पाना भी प्रदूषण बढ़ाने की एक वजह है। दरअसल, अनियोजित कॉलोनियों व बहुमंजिली इमारतों के निर्माण से हवा का वह स्वाभाविक प्रवाह बाधित हुआ है जो वायु प्रदूषण रोकने में मददगार होता था। दीवाली के आसपास पराली जलाने का ठीकरा किसानों के सिरों पर फोड़कर प्रदूषण नियंत्रण की जवाबदेही से मुक्त होने का जो उपक्रम होता है, वह जगजाहिर है।

यूनीसेफ की रिपोर्ट में वायु प्रदूषण से वर्ष 2021 में जिन 21 लाख लोगों की मौत होने का जिक्र है,



दुर्भाग्य से उनमें 1,69,400 बच्चे हैं। जिनकी औसत आयु पांच साल से कम बतायी गई है। जानलेवा प्रदूषण का प्रभाव गर्भवती महिलाओं पर होने से बच्चे समय से पहले जन्म ले लेते हैं, इनका शारीरिक विकास भी सही से नहीं हो पाता। इससे बच्चों का कम वजन का पैदा होना, अस्थमा तथा फेफड़ों की बीमारियां हो सकती हैं। हमारे लिये चिंता की बात यह है कि बेहद गरीब मुल्कों नाइजीरिया, पाकिस्तान, बांग्लादेश, इथोपिया से ज्यादा बच्चे हमारे देश में वायु प्रदूषण से मर रहे हैं। विडंबना यह है कि ग्लोबल वार्मिंग तथा जलवायु परिवर्तन के संकट ने वायु प्रदूषण से होने वाली मौतों की संख्या को बढ़ाया ही है। एक अरब चालीस करोड़ जनसंख्या वाले देश भारत के लिये यह संकट बहुत बड़ा है। चिंता की बात यह है कि दक्षिण एशिया में मृत्यु दर का सबसे बड़ा कारण वायु प्रदूषण ही है। उसके बाद उच्च रक्तचाप, कुपोषण तथा तंबाकू सेवन से होने वाली मौतों का नंबर आता है। दरअसल, गरीबी और आर्थिक असमानता के चलते बड़ी आबादी येन-केन- प्रकारेण जीविका उपार्जन में लगी रहती है, उसकी प्राथमिकता प्रदूषण से बचाव के बजाय रोटी ही है। वहीं ढुलमुल कानूनों, तंत्र की काहिली तथा जागरूकता के अभाव में वायु प्रदूषण रोकने की गंभीर पहल नहीं हो पाती। हर साल शीत ऋतु की दस्तक होने पर वायु प्रदूषण का जो बड़ा संकट राष्ट्रीय राजधानी में पैदा होता है, उसे शासन फौरी उपायों से दूर करने का प्रयास करता है। वाहनों की गुणवत्ता के मानकों पर प्रवेश, ऑड-ईवन की तर्ज पर वाहनों का चलाना, फैक्ट्रियों में उत्पादन पर रोक, निर्माण कार्य पर रोक जैसे फौरी उपायों का सहारा लिया जाता है।

# उप्र और महाराष्ट्र ने रोका भाजपा का रथ

बाबा साहब अम्बेडकर के प्रति भावुक और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र दलितों ने भाजपा को हराने में बड़ी भूमिका अदा की। अम्बेडकरवादी वैचारिक पृष्ठभूमि होने के कारण उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र के दलितों ने एकजुट होकर भाजपा और आरएसएस के हिंदू राष्ट्र बनाने और संविधान बदलने के मंसूबों पर ताला लगा दिया और यह संकेत दे दिया है कि आने वाले वक्त में भी जब इस तरह की हिमाकत होगी तो दलित समाज अपने निजी हितों को छोड़कर हिंदुत्ववादियों को रोकने के लिए अपने मताधिकार का ही प्रयोग नहीं करेगा अगर जरूरत पड़ेगी तो सड़क पर संघर्ष करने के लिए भी तैयार रहेगा।2024 की लोकसभा चुनाव में भाजपा को बहुमत से रोकने में दो राज्यों की सबसे बड़ी भूमिका रही। उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र देश के सबसे बड़े राज्य हैं। दोनों ही राज्य हिंदुत्व की प्रयोगशाला माने जाते हैं। दोनों राज्यों में लंबे समय से भाजपा सत्ता में है। इन राज्यों में भाजपा का अनेक छोटे-बड़े सहयोगी दलों के साथ गठबंधन भी है। महाराष्ट्र में भाजपा एकनाथ शिंदे की शिवसेना और अजित पवार की एनसीपी के साथ गठबंधन सरकार में है। जून 2022 में उद्धव ठाकरे की महा विकास अघाड़ी की सरकार को गिराकर भाजपा ने एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में सरकार बनाई।उद्धव ठाकरे से बगावत करके एकनाथ शिंदे ने शिवसेना पर कब्जा कर लिया। ठीक इसी तरह भतीजे अजित पवार ने दो तिहाई से ज्यादा विधायक तोड़कर चाचा शरद पवार की एनसीपी पर कब्जा कर लिया। जाहिर तौर पर यह तोड़फोड़ केंद्र की मोदी सरकार के इशारे पर हुई थी। महाराष्ट्र में महायुति सरकार बनाने के पीछे असली मकसद लोकसभा चुनाव था। लेकिन महाराष्ट्र की 48 सीटों में से केवल 17 पर महायुति गठबंधन जीत सका। इसमें 9 पर भाजपा, 7 पर शिवसेना और 1 पर एनसीपी ने जीत हासिल की। इसके बरक्स उद्धव ठाकरे की शिवसेना, शरद पवार की एनसीपी और कांग्रेस ने मिलकर 30 सीटों पर जीत हासिल की। आश्चर्यजनक रूप से कांग्रेस को सर्वाधिक 13, शिवसेना (यूबीटी) को 9 और एनसीपी ( शरदचंद्र पवार) को 8 सीटें मिलीं। केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग के जरिए पार्टियों को तोड़कर और तमाम सामाजिक समीकरण साधकर भी महाराष्ट्र में भाजपा को करारी हार का सामना करना पड़ा।2014 में भाजपा की जीत में उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी भूमिका थी। यूपी की 80 सीटों में से 71 सीटें जीतकर भाजपा ने पूरे देश में 282 सीटें हासिल की थीं। इसके बाद 2019 के चुनाव में सपा बसपा गठबंधन के सामने भी भाजपा ने 62 सीटें जीतकर 303 सीटों का बड़ा बहुमत हासिल किया। 2024 के चुनाव में सपा कांग्रेस गठबंधन के सामने भाजपा केवल 33 सीटों पर सिमट गई। उत्तर प्रदेश में भाजपा की हार कई मायने में गौरतलब है। 90 के दशक में उत्तर प्रदेश भाजपा के हिंदुत्व का केंद्र बना। भाजपा के उभार में राम मंदिर आंदोलन की बड़ी भूमिका रही है। बाबरी मस्जिद तोड़कर (6 दिसम्बर, 1992) भाजपा और संघ ने जिस राम मंदिर के लिए आंदोलन शुरू किया था, वह इस साल बनकर तैयार हो गया।

22 जनवरी को हुए उद्घाटन के समय पूरे देश को भगवा झंडों से पाठ दिया गया। गोरखपुर मठ के महंत योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री हैं। 2017 और 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने उत्तर प्रदेश में बड़ी जीत हासिल की थी। योगी आदित्यनाथ की छवि उग्र हिंदुत्ववादी नेता की है। यूपी में कानून व्यवस्था के नाम पर योगी सरकार ने मुसलमानों के घरों पर बुलडोजर चलाया। गुंडे खत्म करने के नाम पर सैकड़ों छोटे-मोटे अपराधियों का एनकाउंटर कर दिया गया। इनमें भी ज्यादातर मुस्लिम थे। ईद, मुहर्रम और बकरीद पर मुसलमानों को सख्त हिदायतें दी जाती हैं, जबकि हिंदू त्योहारों पर नौजवान हिंदुओं को धर्म की अफीम चटाकर मस्जिदों के सामने डीजे बजाने और समुदाय विशेष को अपमानित करने का पूरा मौका मिलता है। इनमें अधिकतर पिछड़े और दलित नौजवानों का इस्तेमाल किया जाता है। लेकिन जब यही नौजवान नौकरी मांगते हैं या समुचित आरक्षण लागू करने की मांग करते हैं तो उन्हें लाठियां मिलती हैं। इस व्यवस्था को गोदी मीडिया की भाषा में राम राज्य कहा जाता है।त्तर प्रदेश राम मंदिर आंदोलन की ही नहीं बल्कि मान्यवर कांशीराम की बहुजन आंदोलन की भी जमीन है। सांप्रदायिक उग्रता और सामाजिक विभाजन के बावजूद भाजपा कभी नितांत हिंदुत्व के बलबूते चुनाव नहीं जीत सकी। भाजपा ने दलित पिछड़ा कार्ड खेला। गैर जाटव दलित और गैर यादव पिछड़ों में जाटवों और यादवों के खिलाफ नफरत पैदा करके भाजपा मजबूत जनाधार बनाने में कामयाब हुई। इसके बावजूद उसने समय-समय पर अनेक छोटे दलों के साथ गठबंधन किया। इस चुनाव में भी मोदी और योगी को अपशब्द कहने वाले ओमप्रकाश राजभर से भाजपा ने गठबंधन किया। राम का अपमान करने वाले संजय निषाद को साथ लिया। कांशीराम के साथी रहे सोनेलाल पटेल की बेटी अनुप्रिया पटेल के अपना दल के साथ भी भाजपा ने गठबंधन किया। इतने प्रयोग और आक्रामक प्रचा के बावजूद भाजपा को करारी हार का सामना करना पड़ा।सामाजिक समीकरण, कट्टर हिंदुत्व और पानी की तरह पैसा बहाने के बावजूद भाजपा को उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में क्यों पराजय मिली? दरअसल, विपक्षी इंडिया गठबंधन ने चुनाव प्रचार में संविधान और लोकतंत्र बचाने का मुद्दा जोर-जोर से उठाया। कांग्रेस और खासकर राहुल गांधी ने सामाजिक न्याय, आरक्षण, समान प्रतिनिधित्व



और सम्मान देने का वादा किया। नतीजे जाहिर करते हैं कि विपक्ष के इस एजेंडे का सबसे ज्यादा प्रभाव उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में हुआ। इन दो राज्यों ने भाजपा और मोदी के मंसूबों पर पानी फेर दिया। उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र देश के सबसे बड़े सूबे हैं। करीब एक चौथाई सीटें इन राज्यों से आती हैं। उत्तर प्रदेश की 80 और महाराष्ट्र की 48 यानी कुल मिलाकर 128 सीटों में से भाजपा केवल 50 सीटें जीत सकी। इन प्रदेशों में भाजपा 40 फ़ीसदी सीटें भी जीतने में कामयाब नहीं हुई। नरेंद्र मोदी को पूर्ण बहुमत से रोके में उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र की सबसे बड़ी भूमिका है।18वीं लोकसभा का यह चुनाव क्यों बेहद खास रहा? आरएसएस की स्थापना के शताब्दी वर्ष में तीसरी बार जीत हासिल करने के लिए बेताब नरेंद्र मोदी ने पहले ही अपने इरादे जाहिर कर दिए थे। पिछले दो साल से बार-बार संविधान बदलने की बात की जा रही थी। बाबा साहब अंबेडकर के संविधान को हटाकर नया संविधान लागू करने के लिए देश में माहौल तैयार किया जा रहा था। विदित है कि अनुच्छेद 368 में संविधान संशोधन का प्रावधान है। लेकिन 1973 में केशवानंद भारती बनाम केरल राज्य मामले में सुप्रीम कोर्ट ने निर्णय दिया था कि संविधान के मूलभूत ढांचे को नहीं बदला जा सकता।गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश वर्तमान राज्यसभा सांसद रंजन गोगोई और उपराष्ट्रपति जगदीप धनगढ़ ने संसद में मूलभूत ढांचे की वैधता पर पुनर्विचार करने की बात उठाई। जाहिर तौर पर यह सब मोदी सरकार के इशारे पर हो रहा था। इसी दरमियान 15 अगस्त 2023 को प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष बिबेक देवराय ने बाबा साहब द्वारा लिखित संविधान को औपनिवेशिक विरासत का प्रतीक बताते हुए नया संविधान लिखने की वकालत की। यह सिलसिला चुनावी ऐलान के बाद और आगे बढ़ा। अनंत कुमार हेगड़े से लेकर ज्योति मिर्धा, लल्लू सिंह, अरुण गोविल और गिरिराज सिंह जैसे बड़बोले भाजपा नेताओं ने संविधान बदलने के लिए 400 सीटें जीतने का दावा किया। यह मुद्दा चुनाव में इतना भारी पड़ जाएगा खुद मोदी ने कभी नहीं सोचा होगा। ग़ौरतलब है कि संविधान बदलने की बात कतई हवा में नहीं थी। आरएसएस के शताब्दी वर्ष में संघ के प्रचारक से प्रधानमंत्री बने नरेंद्र मोदी अपनी पितृ संस्था की हसरत को पूरा करने के इरादे से चुनाव मैदान में उतरे थे। लेकिन दो बड़े राज्यों ने उनके मनसूबों पर पानी ही नहीं फेर दिया बल्कि उनकी हैसियत भी बता दी।

इसको समझने की जरूरत है कि आखिर उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र ने मोदी के प्रचार की हवा क्यों निकाल दी? दरअसल, महाराष्ट्र बाबासाहेब अंबेडकर की कर्मभूमि है और उत्तर प्रदेश मान्यवर कांशीराम की बहुजन राजनीति की प्रयोगशाला। मोदी सरकार के आने के बाद आरएसएस के साए में हिंदुत्व की राजनीति लगातार परवान चढ़ रही है। हिंदुत्व की राजनीति का मुकाबला करने के लिए अंबेडकरवादी विचारधारा और बुद्धिस्ट संस्कृति के जरिए उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में लगातार जमीनी संघर्ष जारी है। दिवंगत होने के बाद बाबासाहब का जो काम छूट गया था, 2014 के बाद उसमें गति आई है। हिंदुत्व के आक्रमण की प्रतिक्रिया में हिंदू त्योहारों को त्यागकर दलितों ने बहुजन नायकों की जयंतियों को अपना त्यौहार बना लिया। तथागत बुद्ध, कबीर ,रैदास , ज्योतिबा फुले, सावित्रीबाई फुले और अंबेडकर दलितों के भगवान बन गए। संविधान उनकी सबसे पवित्र किताब बन गई। इसलिए जब भाजपा ने संविधान बदलने का ऐलान किया तो दलित समाज नरेंद्र मोदी और आरएसएस के खिलाफ लामबंद हो गया।महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश में इंडिया गठबंधन की जीत बहुत मायने रखती है। इन राज्यों में दलित राजनीति की नुमाइंदगी होने के बावजूद दलितों ने इंडिया गठबंधन को वोट दिया। उत्तर प्रदेश में बसपा सुप्रीमो चार बार मुख्यमंत्री रह चुकी हैं। बसपा के पास एक मजबूत जनाधार है। लेकिन इस चुनाव में बसपा अपना खाता भी नहीं खोल सकी। दरअसल, इंडिया गठबंधन में शामिल होने की संभावनाओं को नकारते करते हुए जब मायावती ने अलग चुनाव लड़ने का ऐलान किया तो 21.50 फीसदी दलित समाज बीजेपी को हराने के लिए कांग्रेस और सपा गठबंधन के साथ चला गया। बसपा का कोर वोटर जाटव समाज के शिक्षित और जागरूक तबके ने मायावती से मुंह मोड़ लिया। कोरी, पासी, धोबी, वाल्मीकि, सोनकर आदि जातियों का बड़ा हिस्सा इंडिया गठबंधन के साथ हो गया।नतीजे में इंडिया गठबंधन को 43 सीटों पर जीत हासिल हुई। जबकि बसपा किसी सीट पर दूसरे स्थान पर भी नहीं आ सकी।

# हसीना ने की धनखड़ से मुलाकात

एजेंसी
**नई दिल्ली।** बंगलादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। श्रीमती हसीना और श्री धनखड़ की यह बैठक उप राष्ट्रपति एन्क्लेव पर हुई।दोनों



नेताओं ने दोनों देशों के ऐतिहासिक और गहरे संबंधों का उल्लेख किया और विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। बैठक में आर्थिक एवं विकास भागीदारी, क्षेत्रीय संपर्क, स्वच्छ ऊर्जा, डिजिटल प्रसार और अंतरिक्ष समेत कई मुद्दों पर विचारों का आदान प्रदान किया गया।

# प्रदीप सिंह खरोला बने एनटीए के महानिदेशक



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार की मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने केरल कैडर के 1985 बैच के आईएएस (सेवानिवृत्ति) श्री प्रदीप सिंह खरोला को महानिदेशक, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी,शिक्षा मंत्रालय का प्रभार सौंपा है। वह वर्तमान में भारत व्यापार संवर्धन संगठन के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक हैं। उन्हें यह पदभार अगली स्थायी नियुक्ति या अगले आदेश तक प्रदान किया गया है। उन्होंने यह पदभार एनटीए के वर्तमान महानिदेशक श्री सुबोध कुमार सिंह, आईएएस के स्थान पर ग्रहण किया है।

# मोदी राज में बर्बाद शिक्षा व्यवस्था का नमूना है नीट परीक्षा स्थगित होना : राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट को स्थगित करने पर मोदी सरकार पर तीखा हमला करते हुए आज कहा कि मोदी शासन में शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो गई है इसलिए इस तरह के दुर्भाग्यपूर्ण निर्णय लिये जा रहे हैं। श्री गांधी ने कहा अब नीट पीजी भी स्थगित। यह नरेन्द्र मोदी के राज में बर्बाद हो चुकी शिक्षा व्यवस्था का एक और दुर्भाग्यपूर्ण उदाहरण है। भाजपा राज में छात्र अपना करियर बचाने के लिए 'पढ़ाई' नहीं, अपना भविष्य बचाने के लिए सरकार से 'लड़ाई' लड़ने को मजबूर है। उन्होंने कहा अब यह स्पष्ट है-हर बार चुप- चाप तमाशा देखने वाले मोदी पेपर लीक रैकेट और शिक्षा माफिया के आगे पूरी तरह से बेबस हैं। नरेन्द्र मोदी की अक्षम सरकार स्टूडेंट्स के भविष्य के लिए सबसे बड़ा खतरा है - हमें देश के भविष्य को उससे बचाना ही होगा। कांग्रेस पार्टी ने भी अपने आधिकारिक ट्वीट हैंडल पर कहा अब नीट-पीजी की परीक्षा भी रद्द हो गई। इससे पहले पेपर लीक की वजह से यूजीसी-नेट की परीक्षा भी रद्द हुई थी। नीट को लेकर देश के युवा सड़कों पर प्रदर्शन कर ही रहे हैं। मोदी सरकार-पेपर लीक सरकार बन चुकी है।

# आरडब्लूए में विकास कार्य ठप, आठ साल पुराने मामले में डीएम से लगाई गुहार

**नोएडा।** सेक्टर-145 आरडब्लूए के पदाधिकारियों और निवासियों का एक प्रतिनिधिमंडल गौतमबुद्ध नगर के जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा से मिला। इस मुलाकात का मुख्य उद्देश्य सेक्टर-145 में लंबित विकास कार्यों को लेकर चिंता व्यक्त करना रहा। इसके अलावा आरडब्लूए अध्यक्ष एडवोकेट लाटसाहब लोहिया के नेतृत्व में जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में सेक्टर-145 के गांव बेगमपुर माजरा के किसानों के मुआवजे का मामला शीघ्र निपटाने और प्लॉट स्वामियों को भौतिक कब्जा दिलाने की मांग की गई।

आरडब्लूए अध्यक्ष एडवोकेट लाटसाहब लोहिया ने बताया कि किसानों से जुड़ी समस्या को लेकर डीएम को ज्ञापन सौंपा गया है। यह समस्या वर्ष 2016 से चली आ रही है, जब नोएडा प्राधिकरण ने सेक्टर-145 में 5त्र योजना के तहत लगभग 2300 भूखंडों का आवंटन किया था। हालांकि, स्थानीय किसानों को उचित मुआवजा न मिलने के कारण, इन आठ वर्षों में सेक्टर का विकास कार्य ठप पड़ा हुआ है। इसके परिणामस्वरूप, भूखंड स्वामी, जिन्होंने नोएडा प्राधिकरण से रजिस्ट्री भी करा ली है, अपने प्लॉट्स का भौतिक कब्जा नहीं ले पा रहे हैं। आरडब्लूए उपाध्यक्ष सुभाष भाटी ने बताया कि वर्तमान में उचित मुआवजे का मामला सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन है, जिसके कारण पूरे सेक्टर का विकास कार्य प्रभावित हुआ है। आरडब्लूए के पदाधिकारियों ने इस मुद्दे के शीघ्र समाधान की मांग की है, ताकि सेक्टर का समग्र विकास हो सके और आवंटियों को उनके भूखंडों का कब्जा मिल सके। इस दौरान कोषाध्यक्ष संजय चौहान, महासचिव नीरज शर्मा, सचिव सचिन शर्मा, एमपी शर्मा, हितेंद्र कुमार, राजकुमार शर्मा, श्याम सुंदर, नवीन गोयल, आमिर, घनश्याम पांडे और राजेश चौधरी उपस्थित रहे।

# भारत बंगलादेश के बीच सहयोग दोनों देशों के संबंधों की दिशा तय करेगा: मुर्मु

एजेंसी
**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि भारत और बंगलादेश विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग मजबूत करने के लिए तेजी से आगे बढ़ रहे हैं और उन्हें विश्वास है कि इससे भारत-बंगलादेश संबंधों की भविष्य की दिशा होगी।

भारत की दो दिन की यात्रा पर आयी बंगलादेश की प्रधान मंत्री शेख हसीना ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक के बाद आज शाम राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की।

प्रधानमंत्री शेख हसीना का स्वागत करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह के कुछ ही दिनों बाद उनसे दोबारा मिलकर उन्हें खुशी हुई है। उन्होंने कहा कि यह नियमित बातचीत मित्रता और सहयोग की स्थायी



भावना को दर्शाती है जो 1971 के बंगलादेश के मुक्ति संग्राम की यात्रा के साथ शुरू हुई थी।

श्रीमती मुर्मु ने कहा कि भारत और बंगलादेश विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने के लिए तेजी से आगे बढ़ रहे हैं और नए क्षेत्रों में भी इसका दायरा बढ़ा रहे हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह भारत-बंगलादेश संबंधों की भविष्य की दिशा तय करेगा। राष्ट्रपति ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि प्रधान मंत्री शेख हसीना के नेतृत्व में बंगलादेश ने महत्वपूर्ण आर्थिक प्रगति की है। दोनों नेता गर्मजोशी और सौहार्दपूर्ण बातचीत के दौरान आर्थिक संबंधों, विकास साझेदारी, रक्षा सहयोग, ऊर्जा सुरक्षा और संपर्क बढाने सहित सभी क्षेत्रों में संबंधों को मजबूत बनाने के लिए मिलकर काम करने पर सहमत हुए।

इस महीने के शुरू में देश में नई सरकार के गठन के बाद किसी विदेशी नेता की भारत की यह पहली राजकीय यात्रा है।

# भाजपा के भेजे लोगों ने अनशन में बाधा डालने का किया प्रयास : आम आदमी पार्टी

एजेंसी
**नई दिल्ली।** दिल्ली के 28 लाख लोगों को उनके हक का पानी दिलवाने के लिए दिल्ली सरकार की जलमंत्री आतिशी अनिश्चितकालीन अनशन पर हैं। आज उनके अनशन के दूसरे दिन कुछ लोगों ने आकर प्रदर्शन किया। इस बीच आम आदमी पार्टी ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा द्वारा भेजे गये लोगों ने व्यवस्था को बिगाड़ने और शांतिपूर्ण चल रहे अनशन में बाधा डालने का प्रयास किया।

इस विषय में अपनी बात को साझा करते हुए जलमंत्री आतिशी ने कहा, दिल्ली में पानी की बहुत कमी है। 28 लाख लोगों को दिल्ली में पानी नहीं मिल रहा है। इन्हें पानी दिलवाने के लिए मैं कल से अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठी हूं। उन्होंने कहा, आज मेरे अनशन स्थल पर कुछ लोग हल्ला करने, बाधा पहुंचाने, मुझ पर हमला करने आए। लेकिन मैं भाजपा को ये बताना चाहती हूं कि, मैं गांधी जी के सिखाए हुए सत्याग्रह के रास्ते पर, उनके सिखाए अनशन के रास्ते पर चल रही हूं। मैं ऐसी चीजों से डरने वाली नहीं हूँ, ऐसी हरकतों से ये सत्याग्रह रोकने वाली नहीं हूँ। आतिशी ने कहा, जब तक 28 लाख दिल्ली वालों को उनके हक का पानी नहीं मिलेगा, तब तक ये अनशन जारी रहेगा, ये सत्याग्रह जारी रहेगा।

# भाजपा ने की कल्लाकुरिची जहरीली शराब त्रासदी की सीबीआई जांच कराने की मांग

एजेंसी
**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने तमिलनाडु के कल्लाकुरिची जहरीली शराब त्रासदी को लेकर राज्य सरकार की जमकर आलोचना की और इस घटना की जांच केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से कराने की मांग की।

तमिलनाडु के करुणापुरम में जहरीली शराब पीने से चार और लोगों की मौत के बाद इस त्रासदी में मरने वालों की संख्या बढ़कर 54 हो गई। पीड़ितों में 48 पुरुष और छह महिलाएं शामिल हैं।

भाजपा नेता अनिल एंटनी ने आज यहां संवाददताओं को संबोधित करते हुए कहा, भाजपा ने सबसे पहले एक पार्टी के तौर पर तमिलनाडु के मद्य निषेध एवं आबकारी मंत्री एस मुथुसामी के तत्काल प्रभाव से इस्तीफे की मांग की है। हम भी सीबीआई जांच चाहते हैं और हम इसके लिए लड़ रहे हैं। हालांकि, यहां जिम्मेदारी सिर्फ एक व्यक्ति की नहीं है...भाजपा ने मुख्यमंत्री से शराबबंदी



नीति पर गौर करने का भी अनुरोध किया। भाजपा ने प्रत्येक मृतक के परिवार को एक-एक लाख रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की है। श्री एंटनी ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टलिन पर जमकर बरसते हुए कहा, हम द्रमुक सहित इंडिया समूह के सभी सहयोगियों से पूछना चाहते हैं कि उन्होंने इस मुद्दे पर चुप्पी क्यों साधी हुई है।तमिलनाडु में जहरीली शराब त्रासदी के अपराधियों और सरकारी अधिकारियों के बीच स्पष्ट तौर पर मिलीभगत दिखाई दे रही है। भाजपा नेता ने कहा, हमारी पूरी राज्य इकाई तमिलनाडु में पीड़ितों को न्याय दिलाने और अपने भाइयों - बहनों के कल्याण, स्वास्थ्य और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लड़ रही है। गौरतलब है कि स्थानीय प्रशासन के मुताबिक मंगलवार रात जहरीली शराब पीने के बाद विभिन्न सरकारी चिकित्सा केन्द्रों में भर्ती कराए गए 193 लोगों में से लगभग 140 लोग अभी खतरे से बाहर बताये जा रहे हैं।

# दिल्ली में जलापूर्ति चुनौती बन गई है, ऐसे में दोषारोपण की राजनीति ठीक नहीं : वीके सक्सेना

एजेंसी
**नई दिल्ली।** एक तरफ दिल्ली में जलापूर्ति की मांग को लेकर शुक्रवार से आम आदमी पार्टी (आआपा) के मंत्री, सांसद और नेता धरने पर बैठे हैं तो दूसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा) के नेता व कार्यकर्ताओं ने दिल्ली जल बोर्ड कार्यालय पर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। आआपा और भाजपा के बीच पानी की राजनीति में कांग्रेस भी कूद पड़ी है। कांग्रेस ने आआपा के धरना प्रदर्शन को नाटक करार दिया है। वहीं दिल्ली के उपराज्यपाल ने राजधानी में जलापूर्ति को चुनौती बताते हुए इस मामले पर दोषारोपण की राजनीति को उचित नहीं बताया।

कांग्रेस, आआपा और भाजपा के नेताओं की राजनीति से दुखी दिल्ली के उपराज्यपाल बिफर उठे हैं। मीडिया से बातचीत में उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में पेयजल आपूर्ति एक चुनौती बन गई है। दिल्ली के नेता इस संकट पर दोषारोपण की राजनीति कर रहे हैं। यह ठीक नहीं है।

उपराज्यपाल सक्सेना ने कहा कि दिल्ली, उत्तर प्रदेश और हरियाणा से पेयजल आपूर्ति पर निर्भर है। जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा बनाए गए संस्थागत तंत्र के माध्यम से अंतर्राज्यीय जल-बंटवारा व्यवस्था तय की जाती है। उपराज्यपाल ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के तहत हस्ताक्षरित समझौतों के अनुसार राज्य सरकारें पानी छोड़ने के लिए बाध्य हैं। इसके साथ ही शहर की सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए बाध्य है कि इस जल संसाधन का उपयोग शहर भर में समान आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए किया जाता है। लेकिन ऐसा करने के बजाए राजनीति की जा रही है।दिल्ली जल बोर्ड पर प्रदर्शन कर रहे भाजपा नेताओं का कहना है कि दिल्ली सरकार के कुप्रबंधन की वजह से दिल्लीवासियों को जल संकट का सामना करना पड़ रहा है। वहीं हरियाणा से पानी की आपूर्ति करने की मांग को लेकर आआपा की मंत्री आतिशी का कहना है कि हरियाणा पानी नहीं दे रहा है।

जब तक पानी नहीं मिलेगा, वे भूख हड़ताल पर बैठी रहेंगी। आआपा के मंत्रियों के भूख हड़ताल पर कांग्रेस की नेता अलका लंबा ने धरना स्थल की वीडियो सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि यहां पर मंच खाली और सत्याग्रह के नाम पर आआपा के नेता आराम फरमा रहे हैं। उन्होंने कहा कि समस्या का निराकरण करना चाहिए यदि पानी उपलब्ध कराना बूते के बाहर की बात है तो इस्तीफा दे देना चाहिए।

# नीट धांधली में लीपापोती का प्रयास कर रही है राजग सरकार : खड़गे

एजेंसी
**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि नकल विरोधी कानून को अधिसूचित करके भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबधंन (राजग) सरकार का मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट में धांधली में लीपापोती का प्रयास है लेकिन उसे समझ लेना चाहिए इस मामले की जिम्मेदारी से वह किसी स्तर पर बच नहीं सकती है। श्री खड़गे ने कहा कि सरकार के शिक्षा मंत्री इस मामले में गलत बयानबाजी कर रहे हैं। नया कानून अधिसूचित हो गया है जबकि कानून कल ही अधिश्चित हुआ है और इसे फरवरी में है ही राष्ट्रपति की मंजूरी मिल गई थी।

उन्होंने कहा, घोटाले मे भाजपा जितनी भी कोशिश कर ले-धाँधली, भ्रष्टाचार और शिक्षा माफ़िया को बढ़ावा देने की अपनी ज़िम्मेदारी से नहीं बच सकती। इस पर तीन तथ्य और तीन सवाल हैं जिनका जवाब मोदी सरकार को देना ही पड़ेगा। तथ्य - पेपर लीक के विरूद्ध क़ानून अधिसूचित नहीं हुआ था, जब शिक्षा



मंत्री की प्रेस वार्ता में उनसे इसके बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि क़ानून अधिसूचित हो गया। तेरह फ़रवरी 2024 में इस क़ानून को राष्ट्रपति जी का एसेंट मिल गया था पर क़ानून बीती रात को ही अधिसूचित हुआ है। सवाल है मोदी सरकार के शिक्षा मंत्री ने झूठ क्यों बोला कि क़ानून अधिसूचित हो गया है और विधि एवं न्याय मंत्रालय को उसके नियम बनाने ही रह गए हैं।÷

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, ÷दूसरा तथ्य - शिक्षा मंत्री पहले तो पेपर लीक को नकारते रहे फ़िर जब गुजरात, बिहार, हरियाणा में गिरफ़्तारियां हुईं तब कह रहें हैं कि चूंकि कुछ जगहों पर स्थानीय तौर पर पेपर लीक हुए हैं इसलिए दोबारा परीक्षा नहीं करा पाएंगे। जबकि तथ्य है कि 2015 में प्री मेडिकल टेस्ट में महज 44 छात्रों की संलिप्तता थी तब भी सुप्रीम कोर्ट के कहने पर छह लाख अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा दोबारा कराई गई। सवाल है नीट पर भी माननीय सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि अगर 0.001 भी घपला हुआ है तो वो कार्रवाई होनी चाहिए पर मोदी सरकार परीक्षा दोबारा क्यों नहीं करवा रही, जबकि शिक्षा मंत्री ने %गड़बड़ी% की बात मान ली है। तीसरा तथ्य है नौ दिनों में एनटीए ने तीन बड़ी परीक्षाएं रद्द या स्थगित की हैं। क़ानून पास करवाने के बाद भी भाजपा शासित उत्तर प्रदेश में उप्र पुलिस तथा पदोन्नति बोर्ड जिसके तार गुजरात की एक कंपनी से जुड़े पाएं गए हैं। सवाल है क्यों पेपर लीक के विरूद्ध क़ानून पास करवाने के बाद भी पेपर लीक हो रहें हैं? पिछले सात सालों में जब 70 पेपर लीक हुए, तब मोदी सरकार ने उसपर कोई कड़ा क़दम क्यों नहीं उठाया।

# खालिस्तानी आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई करे कनाडा सरकार: गोयल

एजेंसी
**नई दिल्ली।** कुछ दिन पहले कनाड़ा की संसद में आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर को श्रद्धांजलि दिए जाने के विरोध में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) वरिष्ठ नेता एवं यूनाइटेड हिंदू फ्रंट के अंतरराष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष जय भगवान गोयल के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ता ने यहां तीन मूर्ति



चौक से लेकर चाणक्यपुरी थाना तक रैली निकाली। इस दौरान प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए श्री गोयल ने कहा कि कुछ दिन पहले इटली में आयोजित जी-7 शिखर सम्मेलन में कनाड़ा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मुलाकात के दौरान विश्व शांति और आपसी प्रेम की जोरदार वकालत की थी। इतना ही नहीं पिछले दिनों भारत में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान श्री ट्रूडो ने आतंकवाद के गंभीर मुद्दे पर भारत के साथ पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया था, लेकिन अब कनाड़ा की संसद में निज्जर को श्रद्धांजलि दी गई है और दो मिनट का मौन भी रखा गया है जिसका भाजपा और यूनाईटेड हिन्दू फ्रंट पूरजोर विरोध करता है।

# अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान में ओपीडी के ऐप 'रूझ' का लोकार्पण

एजेंसी
**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान ने रोगियों को सरलता, कुशलता और बाधारहित धूप, बरसात, सर्दी में होने वाली असुविधाओं से बचाया जा सकेगा और रोगियों की बेहतर सेवा मिल पायेगी। उन्होंने कहा कि हाल ही में




सेवाएं देने के लिए एक ऐप 'रूझ' जारी किया है जिससे घर बैठे ओपीडी में पंजीकरण कराया जा सकता है।

संस्थान की निदेशक डॉ. (प्रो) तनूजा नेसरी ने यहां ऐप का लोकार्पण करते हुए कहा कि रोगियों को बेहतरीन सेवाएं देने के लिए संस्थान प्रतिबद्ध है। इससे रोगियों को संस्थान ने दवाओं के वितरण में लगने वाले समय को काम करने के लिए भी कुछ नए काउंटर का शुभारम्भ किया है। संस्थान के इन कदमों से मरीज़ों को आने वाले समय में और अधिक लाभ होगा एवं बड़ी संख्या में मरीज़ों का इलाज संभव हो पाएगा।

# समग्र आर्थिक साझीदारी करार करेंगे भारत, बंगलादेश

एजेंसी
**नई दिल्ली।** भारत और बंगलादेश ने कनेक्टिविटी, व्यापार और सहभागिता के आधार पर अपने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने के संकल्प के साथ सीमा पार परिवहन सुविधाओं को बढ़ाने और समग्र आर्थिक साझीदारी समझौते (सीपा) पर बातचीत शुरू करने का फैसला किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और बंगलादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के साथ यहां हैदराबाद हाउस में प्रतिनिधि मंडल स्तर की बैठक में ये निर्णय लिये गये। बैठक के बाद आपसी सहयोग के 10 समझौतों एवं दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करके आदान-प्रदान किया गया। इसके साथ ही 13 घोषणायें भी की गयीं। श्री मोदी ने घोषणा की कि भारत में चिकित्सा उपचार के लिये आने वाले बंगलादेशी लोगों के लिए ई-मेडिकल वीसा सुविधा शुरू की जायेगी। उन्होंने अपने मीडिया वक्तव्य में कहा कि बंगलादेश, हमारी पड़ोसी प्रथम, एक्ट ईस्ट नीति, विज़न सागर और हिन्द प्रशांत विजन के संगम पर स्थित है। पिछले एक ही वर्ष में हमने साथ मिल कर लोक कल्याण की अनेक महत्वपूर्ण परियोजनाओं को पूरा किया है। अखौरा-अगरतला के बीच भारत-बंगलादेश का छठा क्रॉस-बॉर्डर रेल



लिंक शुरू हो गया है। खुलना-मंगला बंदरगाह द्वारा भारत के उत्तर-पूर्वी राज्यों के लिये कार्गो सुविधा शुरू की गयी है। मंगला बंदरगाह को पहली बार रेल से जोड़ा गया है। 1320 मेगावाट मैत्री ताप विद्युत संयंत्र की दोनों इकाइयों ने बिजली उत्पादन शुरू कर दिया है। दोनों देशों के बीच भारतीय रुपये में ट्रेड की शुरुआत हुई है। भारत और बंगलादेश के बीच, गंगा नदी पर, दुनिया की सबसे लंबी दूरी वाला रिवर क्रूज को सफलतापूर्वक संचालित किया गया है। भारत-बंगलादेश के बीच पहली सीमा पार मैत्री पाइपलाइन पूरी की गयी है। भारतीय ग्रिड से होते हुये, नेपाल से बंगलादेश तक बिजली निर्यात, ऊर्जा क्षेत्र में उपक्षेत्रीय सहयोग का पहला उदाहरण बना है। एक ही वर्ष में, इतने सारे क्षेत्रों में, इतने बड़े फैसलों को जमीन पर उतारना, हमारे संबंधों के गति और विस्तार को दर्शाता है।

# इंदिरा गांधी हवाई अड्डे पर अंतरराष्ट्रीय यात्राओं के लिए विशेष आव्रजन सुविधा शुरू

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने यहां इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के टर्मिनल-3 पर अंतर्राष्ट्रीय यात्राओं के लिए विशेष सुविधा 'फास्ट ट्रैक इमीग्रेशन - ट्रस्टेड ट्रैवलर प्रोग्राम' का उद्घाटन किया।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि 'फास्ट ट्रैक इमीग्रेशन - ट्रस्टेड ट्रैवलर प्रोग्राम' केन्द्र सरकार की एक दूरदर्शी पहल है जिसे भारतीय नागरिकों और ओसीआई कार्डधारकों के लिए सोच समझकर तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि इस पहल से दूसरे देशों से आने वाले भारतीय नागरिकों एवं ओसीआई यात्रियों की सुविधा बढेगी। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम की शुरूआत विकसित भारत के लिए तय किए गए प्रमुख कार्यबिंदुओं में से एक है और यह पहल सभी के लिए यात्रा सुविधा और दक्षता बढ़ाने की सरकार की कटिबद्धता को दर्शाती है।

श्री शाह ने कहा कि ये सुविधा सभी यात्रियों के लिए निन्शुल्क उपलब्ध होगी। इसे अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए तेज, सुगम और सुरक्षित आव्रजन मंजूरी को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। यह ई- गेट पर चलेगा और इससे आव्रजन मंजूरी की प्रक्रिया में मानवीय हस्तक्षेप को कम से कम होगा।

उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम को दो चरणों में लागू किया जाएगा। पहले चरण में, भारतीय नागरिकों और ओसीआई कार्डधारकों को कवर किया जाएगा और दूसरे चरण में विदेशी यात्रियों को कवर किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ई गेट के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय यात्रा को सुगम तथा सुरक्षित बनाना है।

इस प्रोग्राम को एक पोर्टल के माध्यम से लागू किया जाएगा और आव्रजन ब्यूरो इस कार्यक्रम के तहत नोडल एजेंसी होगा। इस योजना में नामांकन के लिए आवेदक को अपने विवरण और आवश्यक दस्तावेजों के साथ पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण कराना होगा। आवश्यक



जांच के बाद, 'विश्वसनीय यात्रियों' की एक सूची बनाई जाएगी और उसे ई-गेट्स के माध्यम से लागू करने के लिए फीड किया जाएगा।

यह प्रोग्राम देश के 21 प्रमुख हवाईअड्डों पर शुरू किया जाएगा। पहले चरण में इसे दिल्ली के अलावा सात अन्य प्रमुख हवाईअड्डों मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, बेंगलुरु, हैदराबाद, कोच्चि और अहमदाबाद में शुरू किया जाएगा। इस अवसर पर केन्द्रीय गृह सचिव अजय भल्ला सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# गाजियाबाद में आवारा कुत्तों का आतंक : केडीपी ग्रैंड सवाना में महिला को बनाया निशाना, निवासियों ने एओए पर लगाए गंभीर आरोप

एजेंसी
**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में स्थित केडीपी ग्रैंड सवाना के गेट नंबर-1 पर आवारा कुत्तों द्वारा प्रतिदिन काटने की समस्या से नाराज होकर निवासियों और सफाई कर्मचारियों ने एओए (अपार्टमेंट ओनर्स एसोसिएशन) के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान एओए अध्यक्ष के साथ निवासियों की नोक-झोंक भी हुई।

**कैसे शुरू हुआ विवाद**

दरअसल, सुबह सोसाइटी के बेसमेंट में एक महिला सफाई कर्मचारी को आवारा कुत्तों ने बुरी तरह से काटकर जख्मी कर दिया था। पीड़िता का इलाज अस्पताल में चल रहा है। इस घटना ने निवासियों में भारी रोष भर दिया है। निवासियों का आरोप है कि एओए इतने संगीन मुद्दे को हल्का करके इसे पक्ष और विपक्ष का मुद्दा बनाने की कोशिश में रहती है। निवासियों ने कई बार एओए को कार्यवाही करने के लिए कहा है, लेकिन एओए ने हमेशा कार्यवाही से बचने की कोशिश की है। केडीपी एओए पहले भी अनियमितताओं के लिए संदेह के दायरे में रही है। सोसाइटी में बाहर के कुत्ते बिना रोक-टोक के आ सकते हैं, जिसके कारण काफी संख्या में कुत्ते बेसमेंट में झुंड बना कर रहते हैं। सुरक्षा कर्मियों की कमी के कारण बेसमेंट में जाना खतरे से खाली नहीं है। सोसाइटी निवासी सुधीर गंगवार का कहना है कि एओए पूरी तरह से निवासियों और यहां पर काम करने वाले कर्मचारियों को सुरक्षित वातावरण देने में असफल साबित हुई है। निवासियों के साथ कुत्तों की समस्या को लेकर मीटिंग हुए महीनों बीत गए हैं, पर उस पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। निवासियों ने गार्ड संख्या बढ़ाने की मांग की थी, लेकिन एओए का कहना है कि उनके पास फंड नहीं है, जबकि बेफिजूल खर्च के लिए खूब पैसे हैं। निवासियों का कहना है कि वे तब तक शांत नहीं बैठेंगे, जब तक उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो जाता। इस प्रदर्शन में मुख्य रूप से दीपक, विमल रैना, पुनीत यादव, बबिता सराव, बिपिन, रश्मि, रेणु, निर्दोष, राजेश्वरी, विशाल बोहरा, शांति सागर जैन, नीरू कौशिक, दीपक गुप्ता, दिनेश गुप्ता और सुनील श्रीवास्तव सहित कई लोग शामिल रहे।



# सना मकबूल

## का चेहरा, डिप्रेशन में चली गई थी एक्ट्रेस

बिग बॉस ओटीटी का 21 जून को ग्रैंड प्रीमियर हो चुका है। शो में अनिल कपूर ने सलमान को गेस्ट के तौर पर रिप्लेस किया है। इस बार शो की थीम फेयरीटेल है और 16 कंटेस्टेंट्स ने इसमें हिस्सा लिया है। ये सभी अलग-अलग बैकग्राउंड से हैं जिसमें सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर, टेलीविजन, स्पोर्ट्स और जर्नलिज्म के लोग शामिल हैं।वहीं टीवी के सबसे विवादित शो कहे जाने वाले इस शो में पहले दिन से ही कंट्रोवर्सीज शुरू हो गई हैं। Day 1 पर सना मकबूल और पौलोमी दास किचन एरिया में बातचीत कर रहे होते हैं। इस दौरान पौलोमी सना से पूछती हैं कि उनके होंठ पर ये निशान कैसा है।



**क्या था वो हादसा ?**

इस बारे में बात करते हुए सना कहती हैं कि उन्हें एक कुत्ते ने उनके चेहरे पर काट लिया था जिसकी वजह से ये निशान पड़ गया है। उन्होंने कहा कि उनका चेहरा ही उनके लिए ब्रेड एंड बटर है यानी कमाई का जरिए है और कुत्ते के काटने की वजह से उन्हें एक बड़ी सर्जरी करवानी पड़ी। इस घटना की वजह से वो काफी समय के लिए डिप्रेशन में भी थीं।

**करवानी पड़ी थी सर्जरी**

बता दें कि ये पहली बार नहीं है जब एक्ट्रेस ने इस बात पर चर्चा की है। इससे पहले भी खतरों के खिलाड़ी में जाने से पहले उन्होंने एक इंटरव्यू दिया था जिसमें उन्होंने बताया था कि साल 2020 में उनके चेहरे खासकर होंठ पर कुत्ते ने काट लिया था जिसकी वजह से उनकी स्किन फट गई थी। इसके बाद उन्हें प्लास्टिक सर्जरी और ग्राफ्टिंग करवानी पड़ी थी।वड़ा पाव गर्ल उर्फ चंद्रिका दीक्षित, रणवीर शौरी, शिवानी कुमारी, सना मकबूल, विशाल पांडे, लवकेश कटारिया,दीपक चौरसिया, साईं केतन राव, मुनीष खटवानी, सना सुल्तान खान, अरमान मलिक, पायल मलिक, कृतिका मलिक, नीरज गोयत और पौलोमी दास बिग बॉस के फाइनल कंटेस्टेंट्स में से एक हैं।

## घर-घर में पॉपुलर रहीं 'सोनपरी' अब कहां हैं और क्या कर रही हैं?



एक समय था जब 90 के दशक का पॉपुलर शो 'सोनपरी' लगभग हर घर में देखा जाता था. ये बच्चों का पसंदीदा शो हुआ करता था. इस शो में 'सोनपरी' का किरदार मृणाल कुलकर्णी ने निभाया था. वैसे तो मृणाल कुलकर्णी कई फिल्मों में भी नजर आ चुकी हैं, लेकिन उन्हें असली फेम जादुई शो 'सोनपरी' से मिली थी. आज भी फैन्स उन्हें 'सोनपरी' के नाम से जानते हैं. मृणाल कुलकर्णी का जन्मदिन 21 जून को है. इस खास मौके पर आइए जानते हैं कि बच्चों के दिलों पर राज करने वाली टीवी की ये जादुई परी अब कहां हैं और क्या कर रही हैं.मृणाल महज 16 साल की थीं जब उन्होंने एक्टिंग की शुरुआत की थी. एक्टिंग के अलावा उन्होंने कई मराठी टीवी सीरियल और फिल्में भी डायरेक्ट की हैं. मृणाल मराठी सीरियल 'स्वामी' में नजर आई थीं. इसमें उन्होंने पेशवा माधवराज की पत्नी रामबाई पेशवा का किरदार निभाया था. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, वो एक्ट्रेस नहीं बल्कि डायरेक्टर बनना चाहती थीं, लेकिन जब उन्हें एक्टिंग के ऑफर मिलने लगे तो उन्होंने इस फील्ड में आने का फैसला किया.

मृणाल ने अपने करियर में कई सीरियल और फिल्मों में काम किया है. वो 'उफ्फ क्या जादू मोहब्बत है', 'सारी', 'एंड जरा हटके', 'कुछ मीठा हो जाए', 'डियर दिया' और 'सूबेदार' में नजर आ चुकी हैं. साल 2023 में रिलीज हुई 'द कश्मीर फाइल्स' में उन्होंने लक्ष्मी दत्त का किरदार निभाया था. उनकी आखिरी मराठी फिल्म 'एक डॉन तीन चार' थी. वहीं, वेब सीरीज की बात करें तो साल 2024 में आई रोहित शेट्टी की 'इंडियन पुलिस फोर्स' में भी उन्होंने काम किया था.

**शो के आए थे इतने एपिसोड**

अब बात करते हैं उनके पॉपुलर शो 'सोनपरी' के बारे में. इस शो की कहानी कुछ ऐसी थी कि यहां फ्रूटी नाम की एक लड़की रहती है, जिसकी मां नहीं है. फ्रूटी के पिता एक बिजनेस मैन हैं और वो अपने काम में बिजी रहते हैं. फ्रूटी की मदद के लिए आसमान से एक परी उतरती है, जिसका नाम 'सोनपरी' है. इस सीरियल का आखिरी एपिसोड 1 अक्टूबर 2004 को आया था. इसमें करीब 268 एपिसोड थे. उस दौरान इस शो का टाइटल ट्रैक काफी मशहूर हुआ था. इसे श्रेया घोषाल ने गाया था.

## करण जौहर ने देखी कार्तिक आर्यन की चंदू चैंपियन, अब लोगों को दे रहे ये सलाह



कार्तिक आर्यन की 'चंदू चैंपियन' 14 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. ये मुरलीकांत पेटकर की बायोपिक है. फैन्स के साथ-साथ कई बॉलीवुड सेलेब्स भी इसकी जमकर तारीफ कर रहे हैं. तारीफ करने वालों में शबाना आजमी और जावेद अख्तर का नाम शामिल है. दोनों ने इस पिक्चर की खूब तारीफ की. अब करण जौहर ने भी इस मूवी का रिव्यू शेयर किया है. फिल्म देखने के बाद करण ने सोशल मीडिया पर एक स्टोरी शेयर की और इस पर अपना रिएक्शन दिया. 'चंदू चैंपियन' का पोस्टर शेयर करते हुए करण ने कार्तिक आर्यन की जमकर तारीफ की है.चंदूर चैंपियन में कार्तिक के काम को करण जौहर ने उनका अब तक का सबसे शानदार परफॉर्मेंस बताया. करण ने फिल्म के डायरेक्टर कबीर खान के लिए एक स्पेशल नोट शेयर करते हुए कहा, इस ब्रेव और इंस्पायरिंग लाइफ की कहानी को दिखाना ह्यूमन स्पिरिट के लिए एक लव लेटर की तरह है. कार्तिक के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि ये उनके करियर की अब तक की बेस्ट परफॉर्मेंस है. इसी के साथ उन्होंने सभी से ये फिल्म देखने की अपील भी की है.

**अब तक की कमाई**

'चंदू चैंपियन' को रिलीज हुए करीब 8 दिन बीत चुके हैं. इस फिल्म को दर्शकों से अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है. मूवी की कमाई की बात करें तो अब तक इस पिक्चर ने दुनियाभर में करीब 53.50 करोड़ रुपये का बिजनेस कर लिया है. इस फिल्म में कार्तिक के साथ विजय राज, यशपाल शर्मा, भुवन अरोड़ा भी नजर आ रहे हैं.मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, करण जौहर साल 2021 में कार्तिक को फिल्म 'दोस्ताना 2' के लिए कास्ट करने वाले थे. लेकिन, बाद में ऐसा नहीं हो सका और किसी वजह से बात नहीं बन पाई और इसकी रीकास्टिंग की घोषणा कर दी गई. इसके बाद ऐसी खबरें आईं कि कार्तिक ने क्रिएटिव मतभेदों के चलते फिल्म छोड़ दी. लल्लनटॉप को दिए एक इंटरव्यू में भी कार्तिक ने इस बारे में जिक्र किया था. उन्होंने कहा था कि ये मामला अब काफी पुराना हो चुका है. उन्होंने कहा कि अक्सर गलतफहमी हो जाती है और बाद में बातों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जाता है.



# महेश बाबू

## से लेकर Ram Charan तक, साउथ के इन हीरों की पत्नियां अमीरी में नहीं किसी से कम, चलाती हैं ये बिजनेस

पिछले कुछ सालों से साउथ स्टार्स का नॉर्थ इंडिया में जिस तरह से क्रेज बढ़ा है, वह देखने लायक है। अब बॉलीवुड मूवी की तरह ही दर्शक साउथ मूवीज का भी बेसब्री के साथ इंतजार करते हैं। फिर चाहें वो प्रभास की फिल्म हो या अल्लू अर्जुन की। इसके साथ ही फैंस उनकी पर्सनल लाइफ से जुड़ी चीजों को जानने में भमिहिका बजाज

साउथ के जाने-माने एक्टर राणा दग्गुबाती आज किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। बाहुबली में भल्लालदेव का किरदार निभाने के बाद उन्होंने लोगों के बीच अपनी एक अलग पहचान बना ली है।

राणा दग्गुबाती की पत्नी मिहिका बजाज भी उनसे कम नहीं है।राणा अगर इंडस्ट्री में हैं, तो उनकी वाइफ एक बिजनेस वुमन है। बता दें कि मिहिका डेव ड्रॉप डिजाइन स्टूडियो नाम का इंटीरियर डिजाइन डेकोरेशन और ईवेंट बिजनेस चलाती हैं।

**अमल सुफिया**

सीता रामम चार्ली और काली जैसी कई फिल्मों में अपनी एक्टिंग का लोहा मनवा चुके एक्टर दुलकर सलमान की पत्नी अमल सुफिया भी एक बिजनेस वुमन है।

दोनों की लव स्टोरी काफी दिलचस्प है। वहीं, रिपोर्ट्स के माने, तो दुलकर की पत्नी अमल सुफिया एक इंटीरियर डिजाइनर हैं।दिलचस्पी रखते हैं।जैसे साउथ सुपरस्टार के पार्टनर कौन हैं, कैसे वह उनसे मिले और उनकी वाइफ क्या करती हैं आदि।

ऐसे में चलिए अब हम उन साउथ सुपरस्टार की वाइफ के बारे में जानते हैं जो बिजनेस वुमन हैं। इस लिस्ट में महनम्रता शिरोडकर अपने आप में एक जाना-माना नाम है।

उन्होंने बॉलीवुड के साथ कई साउथ फिल्मों में भी काम किया है। नम्रता ने साल 2005 में साउथ सुपरस्टार महेश बाबू के साथ शादी की थी।श बाबू से लेकर राम चरण तक तक की वाइफ के नाम शामिल हैं।

## भारतीय मानक ब्यूरो ने भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों की सुरक्षा और गुणवत्ता बढ़ाने के लिए दो नए मानक पेश किए

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने दो नए मानक, IS 18590: 2024 और IS 18606: 2024 पेश किए हैं, जिनका उद्देश्य L, M और N श्रेणियों में इलेक्ट्रिक वाहनों की सुरक्षा को बढ़ाना है। ये मानक इलेक्ट्रिक वाहनों के महत्वपूर्ण घटक - पावरट्रेन - पर ध्यान केंद्रित करते हैं, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि यह कड़े सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा करता है। इसके अतिरिक्त, वे बैटरी की सुरक्षा और प्रदर्शन पर जोर देते हैं, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि वे शक्तिशाली और सुरक्षित दोनों हैं। हालांकि, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी में बदलाव कारों और ट्रकों से आगे तक फैला हुआ है। ई-रिक्शा और ई-कार्ट पूरे भारत में लोकप्रियता हासिल कर रहे हैं। इसे संबोधित करने के लिए, बीआईएस ने IS 18294: 2023 पेश किया है, जो विशेष रूप से इन वाहनों के लिए सुरक्षा मानक स्थापित करता है। ये मानक निर्माण से लेकर कार्यक्षमता तक विभिन्न पहलुओं को कवर करते हैं, जिससे चालक और यात्री दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित होती है। इन नए मानकों के साथ, बीआईस ने मानक बढ़ा दिए हैं, अब इलेक्ट्रिक वाहनों और उनके सहायक उपकरणों, जिनमें चार्जिंग सिस्टम भी शामिल हैं, के लिए कुल 30 भारतीय मानक हैं। ये मानक देश में अधिक टिकाऊ, पर्यावरण अनुकूल और कुशल परिवहन प्रणाली की ओर परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण हैं।

## प्याज और न रुलाए! सरकार ने बफर स्टॉक के लिए 71000 टन खरीदे, सामान्य मानसून से राहत की उम्मीद

नई दिल्ली। सरकार ने कीमतों पर नियंत्रण के लिए पांच लाख टन प्याज खरीदने के कुल लक्ष्य में से बफर स्टॉक के लिए इस साल अब तक लगभग 71,000 टन प्याज की खरीदारी की है। साथ ही, सरकार को उम्मीद है कि देश के अधिकांश हिस्सों में मानसून की प्रगति के साथ खुदरा कीमतें कम होंगी। उपभोक्ता मामलों के विभाग की ओर से एकत्रित आंकड़ों के अनुसार, शुक्रवार को प्याज का अखिल भारतीय औसत खुदरा मूल्य 38.67 रुपये प्रति किलोग्राम था, जबकि उच्च गुणवत्ता वाले प्यात का मूल्य 40 रुपये प्रति किलोग्राम रहा।

**20 जून तक केंद्र ने 70,987 टन प्याज की खरीद की**

उपभोक्ता मामलों के विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि 20 जून तक केंद्र ने 70,987 टन प्याज की खरीद की है जबकि पिछले साल इसी अवधि में 74,071 टन प्याज की खरीद की गई थी। अधिकारी ने बताया, 'अनुमानित तौर पर रबी उत्पादन में करीब 20 प्रतिशत की गिरावट के बावजूद इस साल मूल्य स्थिरीकरण बफर के लिए प्याज खरीद की गति काफी हद तक पिछले साल के बराबर है।' उन्होंने कहा कि सरकार मूल्य स्थिरीकरण के लिए पांच लाख टन की खरीदारी के लक्ष्य को हासिल करने की ओर बढ़ रही है।

## घेरे में हिंदुजा परिवार: कर्मचारियों से अधिक कुत्तों पर खर्च

**लंदन।** ब्रिटेन का सबसे धनी भारतीय मूल का हिंदुजा परिवार गलत कारणों से एक बार फिर सुर्खियों में हैं। परिवार के कुछ सदस्यों को स्विटजरलैंड स्थित उनके जिनेवा विला में भारतीय कर्मचारियों का शोषण करने के मामले में लगभग चार साल की जेल की सजा का सामना करना पड़ सकता है। एक स्विस अदालत ने परिवार के चार सदस्यों को अवैध रूप से लोगों को काम पर रखने का दोषी पाया है। अब परिवार के चार सदस्यों को चार से साढ़े चार साल तक की सजा हो सकती है। परिवार ने फिलहाल अदालत के फैसले को ऊपरी अदालत में चुनौती दी है। इस पूरे अदालती प्रकरण में परिवार पर जो आरोप लगे हैं वे काफी गंभीर हैं। इंडसइंड बैंक और अशोक लीलैंड जैसे नामी ब्रांड्स का स्वामित्व रखने वाला हिंदुजा परिवार के कुछ सदस्यों पर अभियोजकों ने आरोप लगाया कि हिंदुजा बंधुओं में से एक और उनके परिवार ने कर्मचारियों के साथ अमानवीय व्यवहार किया। इन कर्मचारियों को भारत से जिनेवा स्थित पारिवारिक विला में घरेलू सहायिका के तौर पर काम करने के लिए ले जाया गया था।

## यूलिप को निवेश बता नहीं बेच सकेंगी बीमा कंपनियां, इरडा की सख्ती

**नई दिल्ली।** भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) ने यूनिट लिंक्ड इंश्योरेंस प्लान (यूलिप) को निवेश उत्पाद के रूप में प्रचारित करने पर रोक लगा दी है। इसका मतलब है कि बीमा कंपनियां अब यूलिप को निवेश उत्पाद के रूप में नहीं बेच सकेंगी। बीमा नियामक ने 19 जून के मास्टर सर्कुलर में कहा, 'यूनिट-लिंक्ड' या 'इंडेक्स-लिंक्ड' बीमा उत्पादों का निवेश उत्पाद के रूप में विज्ञापन नहीं किया जाएगा। कंपनियों को स्पष्ट रूप से यह बताना होगा कि बाजार से जुड़ी बीमा योजनाएं पारंपरिक एन्डॉमेंट पॉलिसियों से भिन्न हैं और उनमें जोखिम भी होता है। इरडा ने कहा, परिवर्तनीय सालाना भुगतान विकल्प के साथ लिंक्ड बीमा और वार्षिकी उत्पादों के सभी विज्ञापनों में जोखिम कारकों का खुलासा करना होगा। इरडा में सर्कुलर में कहा, सभी विज्ञापनों में यह बताना होगा कि उत्पाद के बोनस या पिछले प्रदर्शन को भविष्य के लिए गारंटी नहीं माना जा सकता है। यानी अगर किसी प्लान ने पिछले पांच साल में 25 फीसदी रिटर्न दिया हो तो वह अगले पांच साल में भी 25 फीसगी रिटर्न देगा, कंपनियां ऐसा दावा नहीं कर सकेंगी।

## केंद्र की मंशा पेट्रोल-डीजल पर जीएसटी लगाने की, राज्यों को तय करनी होगी दर : वित्त मंत्री

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि केंद्र सरकार की मंशा हमेशा से पेट्रोल और डीजल को वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के दायरे में लाने की रही है। उन्होंने कहा कि अब राज्यों को एक साथ आकर इसकी दर तय करनी है।




केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जीएसटी परिषद की 53वीं बैठक के बाद प्रेस को संबोधित करते हुए यह बात कही। एक सवाल के जवाब में वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार चाहती है कि पेट्रोल और डीजल जीएसटी के दायरे में आएं। यह अब राज्यों पर है कि वे इस बारे में मिलकर निर्णय लें। उन्होंने प्रेस को सबोधित करते हुए आगे कहा कि पूर्व वित्त मंत्री अरुण जेटली ने पेट्रोल और डीजल को जीएसटी कानून में शामिल करने का प्रावधान पहले ही कर दिया था। अब बस राज्यों को एक साथ आकर दर तय करने के लिए चर्चा करनी है। सीतारमण ने बताया कि बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को जीएसटी दर युक्तिकरण जीओएम का अध्यक्ष बनाया गया है।

## रेलवे प्लेटफॉर्म टिकट अब जीएसटी के दायरे से बाहर, वित्त मंत्री का परिषद की बैठक के बाद एलान

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** जीएसटी परिषद् ने रेलवे की ओर से आम लोगों को दी जाने सेवाओं पर बड़ा फैसला लिया है। रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म टिकट लेने के अलावे डॉरमेट्री, वेटिंग रूम, क्लॉक रूम और बैट्री ऑपरेटेड वाहनों के इस्तेमाल जैसी सुविधाओं को जीएसटी से बाहर कर दिया गया है। अब ऐसी सुविधाओं पर कोई जीएसटी नहीं लगेगा। छात्रावास की सुविधा उपलब्ध कराने पर भी अब जीएसटी नहीं देना होगा। किसी खास समाज की ओर से चलाए जा रहे हॉस्टल पर भी जीएसटी देय नहीं होगा अगर कोई व्यक्ति वहां 90 दिन लगातार रहते हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को यह जानकारी दी। सरकारी मुकदमेबाजी को कम करने के लिए जीएसटी परिषद ने विभाग की ओर से अपील दायर करने के लिए जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण के लिए 20 लाख रुपये, उच्च न्यायालय के लिए 1 करोड़ रुपये और सुप्रीम कोर्ट के लिए 2 करोड़ रुपये की मौद्रिक सीमा की सिफारिश की है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को जीएसटी परिषद् की बैठक के बाद ये बातें कही। 53 वीं जीएसटी परिषद की बैठक के बाद केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, ÷परिषद ने सभी दूध के डिब्बे पर 12त्न की एक समान जीएसटी दर निर्धारित करने की सिफारिश की है। इसका मतलब है कि स्टील, लोहा, एल्यूमीनियम के बने जो भी केन दूध के डिब्बे के तौर पर प्रयोग होंगे उन पर नई दरें लागू होंगी। परिषद ने सभी कार्टन बॉक्स, कॉरिगेटेड और ननकॉरिगेटेड कागज या पेपर बोर्ड सभी पर 12त्न की एक समान जीएसटी दर निर्धारित करने की भी सिफारिश की है। इस फैसले से विशेष रूप से हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर के सेब किसानों को फायदा होगा।

## सीतारमण के साथ बजट पूर्व परामर्श बैठक में राज्यों के वित्त मंत्री ने रखी विशेष मांग

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मंत्री निर्मला सीतारमण ने केंद्रीय बजट 2024-25 के लिए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के वित्त मंत्रियों के साथ बजट पूर्व परामर्श बैठक की। इस बैठक में राज्यों के वित्त मंत्रियों ने अपने-अपने राज्य की मांग के मद्देनेजर सीतारमण से विशेष मांग भी की।

वित्त मंत्रालय ने जारी एक बयान में कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में नई दिल्ली में बजट पूर्व परामर्श बैठक की। सीतारमण की अध्यक्षता में हुई बैठक में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के वित्त मंत्रियों से आगामी बजट को लेकर सुझाव मांगे गए। केंद्रीय वित्त मंत्री ने सभी प्रतिनिधियों को उनके इनपुट और सुझावों के लिए धन्यवाद दिया। सीतारमण ने उन्हें केंद्रीय बजट 2024-25 की तैयारी के दौरान केंद्र



सरकार द्वारा उचित विचार करने का आश्वासन दिया।

मंत्रालय के मुताबिक निर्मला सीतारमण के साथ हुई इस बैठक में अधिकांश राज्यों के वित्त मंत्रियों ने केंद्र सरकार की 'पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता योजना' की सराहना की। वहीं, कई वित्त मंत्रियों ने केंद्रीय वित्त मंत्री से इस योजना में और सुधार के लिए कुछ सुझाव भी दिए। बैठक में राज्यों के वित्त मंत्रियों ने अपने अपने राज्य की मांग को ध्यान रखते हुए विशेष डिमांड भी की। राज्यों के वित्त मंत्रियों ने राज्यों के विकास को और तेज करने के लिए बजट के लिए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को भी कई सुझाव भी दिए। वित्त मंत्रालय ने बताया कि वित्त सचिव ने बजट पूर्व परामर्श बैठक में सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया। प्रतिभागियों ने वित्त वर्ष 2024-25 के केंद्रीय बजट में शामिल करने के लिए केंद्रीय वित्त मंत्री को कई मूल्यवान सुझाव दिए, साथ ही कुछ राज्य-विशिष्ट अनुरोध भी किए। बैठक में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, गोवा, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड और सिक्किम के मुख्यमंत्री, बिहार, मध्य प्रदेश, ओडिशा, राजस्थान और तेलंगाना के उपमुख्यमंत्री, राज्य वित्त मंत्री और अन्य मंत्री तथा राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों (विधानसभा सहित) और केंद्र सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए।

## भारत सरकार ने 13,595 करोड़ रुपये की नई ट्रांसमिशन योजनाओं को दी मंजूरी, राजस्थान और कर्नाटक को मिलेगा फायदा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने राजस्थान और कर्नाटक से 9 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा निकासी के लिए नई अंतरराज्यीय पारेषण प्रणाली (आईएसटीएस) योजनाओं को स्वीकृति दी है। इन योजनाओं का कार्यान्वयन टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्धी बोली (टीबीसीबी) मोड के माध्यम से किया जाएगा। ये योजनाएं वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता का अंग हैं, इसमें 200 गीगावाट ऊर्जा पहले से ही जुड़ी हुई है।

**अनुमोदित योजनाओं का संक्षिप्त विवरण:** राजस्थान अक्षय ऊर्जा क्षेत्र (आरईजेड) की बिजली निकासी योजना राजस्थान से 4.5 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा की निकासी करेगी। इसमें फतेहगढ़ परिसर से 1 गीगावाट, बाड़मेर परिसर से 2.5 गीगावाट और नागौर (मेड़ता) परिसर से 1 गीगावाट बिजली निकासी



सम्मिलित है। यह बिजली उत्तर प्रदेश के मैनपुरी क्षेत्र, फतेहपुर और उरई को हस्तांतरित की जाएगी। इस योजना की कार्यान्वयन अवधि दो वर्ष की है। इसकी लागत लगभग 12,241 करोड़ रुपये है। कर्नाटक की सिस्टम सुदृढ़ीकरण योजना कोप्पल क्षेत्र और गडग क्षेत्र से 4.5 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा की निकासी करेगी। इस योजना का कार्यान्वयन जून 2027 तक होगा। इसकी लागत लगभग 1,354 करोड़ रुपये है।

## खान मंत्रालय अहम और रणनीतिक खनिजों की नीलामी की चौथी किस्त शुरू करेगा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री श्री जी. किशन रेड्डी और कोयला एवं खान राज्य मंत्री श्री सतीश चंद्र दुबे 24 जून, 2024 को नई दिल्ली में सीजीओ कॉम्प्लेक्स के स्कोप कन्वेंशन सेंटर में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में महत्वपूर्ण और रणनीतिक खनिज ब्लॉकों की नीलामी की चौथी किस्त शुरू करेंगे।

महत्वपूर्ण खनिज देश के आर्थिक विकास और खनिज सुरक्षा दोनों के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उनकी कमी या निष्कर्षण और प्रसंस्करण के लिए कुछ देशों पर निर्भरता हमारी आपूर्ति श्रृंखलाओं के लिए बहुत बड़ी कमजोरियां पैदा कर सकती है। इसी के मद्देनजर, खान और खनिज विकास एवं विनियमन (एमएमडीआर) अधिनियम 2023 में संशोधन किया गया था। इस संशोधन के जरिए केंद्र सरकार को 24 महत्वपूर्ण और रणनीतिक खनिजों की खनिज रियायत देने की शक्ति प्रदान की गई थी। अब तक केंद्र सरकार ने 14 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में स्थित 38 महत्वपूर्ण और रणनीतिक खनिज ब्लॉकों की 3 चरणों में नीलामी की शुरुआत कर दी है। इस कार्यक्रम के दौरान 29 नवंबर, 2023 को नीलामी की शुरू की गई पहली किस्त के पसंदीदा बोलीदाताओं की घोषणा की जाएगी।

इस अवसर पर 02 अधिसूचित निजी अन्वेषण एजेंसियों (एनपीईए) को प्रमाण पत्र सौंपे जाएंगे। इसके

**इस संशोधन के जरिए केंद्र सरकार को 24 महत्वपूर्ण और रणनीतिक खनिजों की खनिज रियायत देने की शक्ति प्रदान की गई थी।**

अलावा, खनिज संसाधनों के निष्कर्षण में दक्षता बढ़ाने और उन्हें व्यवहार्य आर्थिक मिश्र धातुओं और धातुओं में बदलने के लिए स्टार्ट-अप और अनुसंधान एवं विकास संस्थानों को अनुदान के स्वीकृति पत्र सौंपे जाएंगे। इसमें अन्वेषण लाइसेंस धारक अन्वेषण व्यय की आंशिक प्रतिपूर्ति की योजना की भी घोषणा करेंगे।

## केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा – छोटे किसानों के हित में कार्य करें कृषि वैज्ञानिक

### भारत को दलहन और तिलहन में आत्मनिर्भर बनाने की आवश्यकता पर जोर

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के पूर्व छात्रों का सम्मेलन आज पूसा, नई दिल्ली में केंद्रीय कृषि व किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर उन्होंने वैज्ञानिक समुदाय से अपील की कि वे छोटे और सीमांत किसानों के हित में कार्य करें और भारतीय कृषि में क्रांति लाएं। श्री चौहान ने कहा कि हमारे यहां लगभग 86त्न किसान स्मॉल- मार्जिनल फार्मर हैं। हमको खेती का मॉडल ऐसा बनाना पड़ेगा कि किसान एक हेक्टेयर तक की खेती में भी अपनी आजीविका ठीक से चला सकें।

केंद्रीय मंत्री श्री चौहान ने कहा कि हम मिलकर कोई ऐसा रोडमैप बना लें, जिस पर चलकर न केवल भारतीय कृषि और किसान का कल्याण हो सके, बल्कि हम भारत को दुनिया का फूड बास्केट बना दें, दुनिया को अन्न खिलाएं, एक्सपोर्ट करें। श्री चौहान ने भारत को दलहन और तिलहन में आत्मनिर्भर बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। साथ ही कहा कि हमारे किसानों की आय बढ़ाने और बदलते परिदृश्य के लिए तकनीकी उन्नति को अपनाना अत्यंत



आवश्यक है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारी कृषि नीति और शोध छोटे और सीमांत किसानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएं।

श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कृषि के परिदृश्य को पूरी तरह से बदलना मेरी जिद है। मैं किसान और विज्ञान को जोड़ना चाहता हूं। किसान को हमें विज्ञान से जोड़ना है और इसके लिए कृषि विज्ञान केंद्र बहुत उपयोगी है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का विजन तथा मिशन कृषि के क्षेत्र को आगे बढ़ाना और किसान का कल्याण करना है। मैं जिस दिन से कृषि मंत्री बना हूं, तभी से दिन-रात यही सोच रहा हूं कि किसानों के जीवन को कैसे और बेहतर बनाएं।

इस महत्वपूर्ण बैठक में डॉ. आर.एस. परोदा पूर्व महानिदेशक ICAR, डॉ. रमेशचंद सदस्य नीति आयोग और डॉ. हिमांशु पाठक सचिव DARE और महानिदेशक ICAR ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। IARI के निदेशक डा. ए.के. सिंह, DDG डा. आर.सी. अग्रवाल आदि भी उपस्थित थे। इन विशेषज्ञों ने भारतीय कृषि की चुनौतियों और संभावनाओं पर गहन चर्चा की और किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण और नीतिगत सुधारों की आवश्यकता पर बल दिया। डॉ. आर. एस. परोदा ने कहा कि भारतीय कृषि को नवाचार और वैज्ञानिक अनुसंधान की सहायता से उन्नत करना समय की मांग है। हमें किसानों के साथ मिलकर नई तकनीकों का परीक्षण और कार्यान्वयन करना होगा, जिससे उनकी पैदावार और आय में वृद्धि हो।

डॉ. रमेशचंद ने इस बात पर जोर दिया कि नीति निर्माण में किसानों की वास्तविक समस्याओं को समझना और उनका समाधान ढूंढना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि कृषि नीतियों को छोटे और सीमांत किसानों के अनुकूल बनाना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। हमें सुनिश्चित करना होगा कि वे नवीनतम तकनीकों और संसाधनों का उपयोग कर सकें। डॉ. हिमांशु पाठक ने कृषि क्षेत्र में उन्नति के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सरकार, वैज्ञानिक समुदाय और किसानों के बीच सहयोग से ही हम भारतीय कृषि को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकते हैं।

## केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने इलेक्ट्रॉनिक उपकरण निर्माण कंपनियों के साथ वारंटी संबंधी मुद्दों पर विचार-विमर्श किया

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने इलेक्ट्रॉनिक उपकरण निर्माण कंपनियों के साथ एक बैठक की, जिसमें खरीद की तिथि के बजाय स्थापना की तिथि से वारंटी अवधि शुरू करने के मुद्दे पर विचार-विमर्श किया गया। चूंकि इलेक्ट्रॉनिक उपकरण के निर्माताओं द्वारा निर्धारित नीतियों के अनुसार वारंटी अवधि खरीद की तिथि से शुरू होती है, न कि स्थापना की तिथि से, इसलिए उन उपकरणों की वारंटी अवधि कम हो जाती है, क्योंकि उपभोक्ता उत्पाद का उपयोग केवल अपने परिसर में उनके स्थापित होने के बाद ही शुरू कर सकते हैं। इस बैठक की अध्यक्षता सीसीपीए की मुख्य आयुक्त श्रीमती निधि खरे ने की और इसमें रिलायंस रिटेल, एलजी, पैनासोनिक, हायर, क्रोमा और बॉश सहित प्रमुख इलेक्ट्रॉनिक उपकरण कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

बैठक की शुरुआत मुख्य आयुक्त श्रीमती खरे के संबोधन से हुई, जिसमें उन्होंने इस मुद्दे पर तीन मुख्य बिंदुओं पर रोशनी डाली। पहला, उपभोक्ता को वारंटी अवधि के आरंभिक बिंदु के बारे में स्पष्ट रूप से सूचित किया जाना चाहिए। ऐसा नहीं होना चाहिए कि उपभोक्ता को उत्पाद खरीदने के बाद वारंटी के विवरण के बारे में पता चले। दूसरा, कंपनियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि भारत में वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं का पालन किया जाता है। तीसरा, वारंटी अवधि संबंधी उपभोक्ता शिकायतों का सक्रिय और त्वरित गति से समाधान किया जाना चाहिए। अधिनियम की धारा 2(9) के तहत परिभाषित उपभोक्ता अधिकारों में, वस्तुओं, उत्पादों या सेवाओं की गुणवत्ता, मात्रा, क्षमता, शुद्धता, मानक और मूल्य के बारे में सूचित किए जाने का अधिकार शामिल है, ताकि उपभोक्ता को अनुचित व्यापार प्रथाओं से बचाया जा सके। बैठक के दौरान, इस बात पर विचार-विमर्श किया गया कि इलेक्ट्रॉनिक उपकरण आम तौर पर दो श्रेणियों के होते हैं - 'प्लग-एन-प्ले' उत्पाद जैसे आयरन प्रेस, माइक्रोवेव आदि, जिन्हें स्थापित करने की आवश्यकता नहीं होती है और ऐसे उत्पाद जिन्हें स्थापित करने की आवश्यकता होती है, जैसे एयर कंडीशनर, रेफ्रिजरेटर आदि।

बैठक के दौरान वारंटी अवधि की गणना करने की तिथि के रूप में स्थापना की तिथि रखने की व्यवहार्यता पर विचार-विमर्श किया गया। इसके अतिरिक्त, इस बात पर भी विचार-विमर्श किया गया कि इस व्यवस्था के दुरुपयोग को रोकने और उपभोक्ताओं के हितों की पर्याप्त सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उपाय ढूंढे जा सकते हैं। उपभोक्ताओं की चिंताओं को ध्यान में रखते हुए, इस मुद्दे को अग्रसक्रिय तरीके से संबोधित करने के लिए कंपनियों के बीच आम सहमति थी।

## भारतीय कपास के निर्यात में 67 प्रतिशत वृद्धि की उम्मीद, बांग्लादेश में बढ़ी मांग से होगा लाभ

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश की मिलों में कॉटन (कपास) की बढ़ती मांग की वजह से भारत के कॉटन निर्यात में वृद्धि का अनुमान है। सितंबर में समाप्त होने वाले 2023-24 सीजन के लिए भारत के कॉटन का निर्यात में बांग्लादेश के मिलों की बढ़ती मांग के कारण दो तिहाई अधिक वृद्धि होने का अनुमान है। कॉटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीएआई) को उम्मीद है कि शिपमेंट लगभग 26 लाख गांठ (प्रत्येक गांठ 170 किलोग्राम) तक पहुंच जाएगा जो पिछले सीजन में 15.5 लाख गांठ से 67.7 प्रतिशत अधिक है। सीएआई के अध्यक्ष अतुल गणात्रा ने बताया कि बांग्लादेश मिलें जो मुश्किल से अपना काम चला रही हैं, अब वे



भारतीय कॉटन खरीद रही हैं। क्योकि ब्राजील और अमेरिका के उनके आयात शिपमेंट में देरी हो रही है। भारत से लगभग हर महीने 1-1.5 लाख गांठ बांग्लादेश को निर्यात किया जा रहा है। सड़क मार्ग के जरिए बांग्लादेश को 5 दिनों में कॉटन मिल जाता है। इससे भारत के कॉटन निर्यात में वृद्धि हो रही है।

**कपास प्रेसिंग का अनुमान बढ़ा**

सीएआई ने अपने प्रेसिंग अनुमान में 2023-24 सीजन के 317.70 लाख गांठ की वृद्धि की है, यह फरवरी में 309 लाख गांठ थी। यह वृद्धि मुख्य रूप से मध्य भारत से आई है, जहां हाल ही में किसानों ने अपने पुराने स्टॉक को लोड करने के लिए तैयार हुए हैं। हालांकि चालू सीजन के लिए प्रेसिंग पिछले साल की तुलना में 318.9 लाख गांठ कम है। गणात्रा ने प्रेसिंग आंकड़ों में आई वृद्धि को बाजारों में आने वाली कैरी फॉरवर्ड स्टॉक को माना है। मई के अंत तक 296.53 लाख प्रेसिंग की जा चुकी है।

**प्राकृतिक फाइबर का आयात बढ़ा**

प्राकृतिक फाइबर का आयात 16.4 लाख गांठ होने का अनुमान है। इसमें से 5.5 लाख गांठ देश में मई के अंत तक आ चुका है। शुरुआती स्टॉक, आयात और प्रेसिंग के अनुमानों को मिलाकर कुल आपूर्ति 363 लाख गांठ होने का अनुमान है जो पिछले सीजन में 355.4 लाख गांठ से अधिक है।

सीएआई ने कॉटन मांग 317 लाख गांठ (311 लाख गांठ ) रहने का अनुमान लगाया है। गैर एमएसएमई सेक्टर में मांग 201 लाख गांठ (280 लाख गांठ ) रहने का अनुमान है, जबकि एमएसएमई सेक्टर में यह मांग 100 लाख गांठ (15 लाख गांठ ) से अधिक रहने का अनुमान है। गैर वस्त्र सेक्टर की खपत 16 लाख गांठ पर स्थिर देखी गई है। गणात्रा ने बताया कि खपत के आंकड़ों में बदलाव सीओसीपीसी (कपास उत्पादन और खपत पर समिति) द्वारा तय की गई नई श्रेणियों में खपत के आंकड़ों को फिर से सामूहिकृत करने के कारण है। सीओसीपीसी देश में कॉटन की स्थिति पर लगातार नजर रखती है और समीक्षा करती है तथा कॉटन के उत्पादन और खपत से संबंधित मामलों पर सरकार को उचित सलाह देती है। सीएआई के अनुसार कताई मिलों की औसत क्षमता उपयोग लगभग 90 प्रतिशत होने का अनुमान है। इसमें उत्तर भारत और मध्य भारत में मिले 100 प्रतिशत की क्षमता पर और दक्षिण भारत में 80 प्रतिशत क्षमता पर चल रही हैं।

## सौर कुकर पर 12 प्रतिशत जीएसटी

**नयी दिल्ली।** माल एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद ने सौर कुकरों पर 12 प्रतिशत जीएसटी लगाने के निर्णय के साथ ही रेलवे की सेवाओं के साथ ही कई अन्य सेवाओं पर जीएसटी से राहत देने की सिफारिश की है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में परिषद की यहां हुयी 53वीं बैठक में ये निर्णय लिये गये। बैठक के बाद श्रीमती सीतारमण ने संवादाताओं से कहा कि सभी सौर कुकरों पर 12 प्रतिशत जीएसटी लगाने का निर्णय लिया गया है। परिषद ने सभी दूध के डिब्बों पर 12 प्रतिशत की एक समान दर निर्धारित करने की सिफारिश की है, जिसका अर्थ है स्टील, लोहा, एल्युमीनियम, चाहे किसी भी उपयोग में हो। उन्हें दूध के डिब्बे कहा जाता है, लेकिन जहाँ भी उनका उपयोग किया जाता है, वही दर लागू होगी, ताकि इससे कोई विवाद उत्पन्न न हो।

## सरकार ने राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन (एनजीएचएम) के साइट प्रोग्राम के अंतर्गत उर्वरक क्षेत्र के लिए आवंटन बढ़ाया

**नई दिल्ली।** नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) वर्ष 2030 तक देश में हरित हाइड्रोजन की 5 मिलियन टन प्रति वर्ष उत्पादन क्षमता प्राप्त करने के लक्ष्य के साथ राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन (एनजीएचएम) को क्रियान्वित कर रहा है।

मिशन के अंतर्गत, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने 16.01.2024 को एनजीएचएम के साइट प्रोग्राम - घटक II: हरित अमोनिया उत्पादन की खरीद के लिए प्रोत्साहन (मोड 2ए के अंतर्गत) के कार्यान्वयन के लिए योजना से संबंधित दिशानिर्देश जारी किए थे। मोड 2ए उर्वरक क्षेत्र की आवश्यकताओं को पूरा करता है। उक्त दिशानिर्देशों के अनुसार, मोड 2ए के ट्रेंच ढ्ढ के अंतर्गत बोली लगाने के लिए उपलब्ध क्षमता 5,50,000 टन प्रति वर्ष ग्रीन अमोनिया थी। इसके बाद, सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एसईसीआई) ने भी लागत आधारित प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के माध्यम से ग्रीन अमोनिया उत्पादकों के चयन के लिए चयन हेतु अनुरोध (आरएफएस) जारी किया।

मिशन के कार्यान्वयन की गति तेज होने के साथ ही, विभिन्न क्षेत्रों से ग्रीन हाइड्रोजन और इसके डेरिवेटिव की मांग भी बढ़ रही है। उर्वरक क्षेत्र से ग्रीन अमोनिया की मांग में वृद्धि के क्रम में, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने उर्वरक क्षेत्र के लिए मोड 2ए योजना के अंतर्गत आवंटन में 2 लाख टन प्रति वर्ष की वृद्धि करके योजना से संबंधित दिशानिर्देश दिनांक 16.01.2024 को संशोधन करने का निर्णय लिया है, अर्थात ग्रीन अमोनिया के 5,50,000 टन प्रति वर्ष के मौजूदा आवंटन को बढ़ाकर 7,50,000 टन प्रति वर्ष कर दिया गया है। देश में ग्रीन हाइड्रोजन और इसके उत्पादों की मांग सृजन की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है।

**संशोधन आदेश इस लिंक पर क्लिक करके प्राप्त किया जा सकता है**

राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन 04 जनवरी, 2023 को वित्त वर्ष 2029-30 तक 19,744 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ शुरू किया गया था। यह स्वच्छ ऊर्जा के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने के भारत के लक्ष्य में योगदान देगा और वैश्विक स्वच्छ ऊर्जा की उपलब्धता के लिए प्रेरणा का काम करेगा। यह मिशन अर्थव्यवस्था को काफी हद तक कार्बन उत्सर्जन से मुक्त करने के साथ-साथ जीवाश्म ईंधन के आयात पर निर्भरता को कम करेगा और भारत को हरित हाइड्रोजन से जुड़ी प्रौद्योगिकी और बाजार को लेकर शीर्ष स्थान तक पहुंचने में सक्षम करेगा।

